Follow us on :

bharatbhaskar.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# भारत भास्कर

हर खबर का असर

डाक पंजीयन - छ.ग. / रायपुर संभाग / 58 / 2021-2023

● वर्ष : 16 ● अंक-66 ● रायपुर, मंगलवार 02 अप्रैल 2024 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य-2 रूपये ● रायपुर, नागपुर, भोपाल, लखनऊ एवं दिल्ली से प्रकाशित ● RNI-CHHHIN/2009/29179

सूर्योदय 6.22
सूर्यास्त 5.38
चैत्र कृष्ण
पक्ष-अष्टमी

**सुविचार**

शिक्षक से सवाल करना अच्छी बात है, क्योंकि यह आपको ज्ञान के मार्ग की ओर ले जाता है।

- स्वदेश तिवारी



3

कलेक्टर ने टीएल बैठक में की चुनाव तैयारियां एवं लंबित मामलों की समीक्षा



5

भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति एवम कोर ग्रुप की बैठक में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा



7

सेन्ट्रल बैंक के ग्राहकों के खाते से 20.57 लाख की ठगी... आरोपी कमिशन एजेंट गिरफ्तार

## संक्षिप्त समाचार

### सुबह टहलने निकली तीन महिलाओं को एम्बुलेंस ने कुचला, दो की मौत- एक घायल

**कुशीनगर।** जनपद के पड़रौना कोतवाली थाना क्षेत्र के मिश्रौली में 108 एंबुलेंस ने सुबह टहलने निकली तीन महिलाओं को रौंद दिया। जिससे दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक महिला की हालत नाजुक बनी हुई है। उसका गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के बहोरा छपरा गांव निवासी शबीना खातून पत्नी जहीरूद्दीन, मैरून निशा पत्नी निजामुद्दीन अपने रिश्तेतर के घर रामकोला थाना क्षेत्र के मिश्रौली गांव में आई हुई थी। रविवार की सुबह शबीना और मैरून मिश्रौली गांव निवासी अपने रिश्तेदार शनीमा खातून के साथ सड़क के किनारे सुबह टहल रही थीं। इसी दौरान तेज रफ्तार आ रही 108 डायल एंबुलेंस अचानक अनियंत्रित होकर तीनों महिलाओं को अपने चपेट मे लेते हुए कुचल दिया

### इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपा घबराई - अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन की एकजुटता से भाजपा घबराई हुई है। इस एकजुटता से तय हो गया है कि भाजपा सरकार अब बचने वाली नहीं है। इंडिया गठबंधन दिल्ली की सत्ता में आ रहा है। भाजपा का एनडीए गठबंधन दिल्ली की सत्ता से बाहर जा रहा है। भाजपा देश में चार सौ सीटें हारने जा रही है। इसीलिए इंडिया गठबंधन के नेताओं को षड्यंत्र कर जेल भेजा जा रहा है।अखिलेश यादव आज दिल्ली रामलीला मैदान में लोकतंत्र बचाओ रैली को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान खत्म कर रही है। चुने हुए मुख्यमंत्रियों को जेल भेजा जा रहा है। इससे देश के साथ-साथ दुनिया में भाजपा की थू-थू हो रही है। जिस मजबूत लोकतंत्र से दुनिया में भारत को सम्मान से देखा जाता है। उसे भाजपा ने अपनी हरकतों और तानाशाही रवैये से पूरी दुनिया में भारत का सम्मान गिराया है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने दस साल में सिर्फ झूठ ही बोला है। झूठे वादे किए। भाजपा ब्रह्मांड की सबसे झूठी पार्टी है।

### जेडीयू सांसद संजय झा ने बाबा हरिहरनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की

**सोनपुर।** बाबा हरिहरनाथ मंदिर मे मधुबनी जाने के क्रम मे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह राज्यसभा सांसद संजय झा ने मंदिर मे पूजा अर्चना किया और प्रदेश की खुशहाहली की कामना की इस अवसर पर भजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रूडी के सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मंदिर परिसर मे अंग वस्त्र बुके देकर स्वागत किया और मंदिर सचिव विजय लाला ने भी मंदिर का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया इस अवसर पर पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री बमबम बाबा पवन तिवारी भूटकून बाबा ने पूजा अर्चना करवाया इस अवसर पर डबलू सिंह राहुल सिंह युवा मोर्चा नकुल सिंह सनी सिंह मोनू सिंह मंटू ।

24 घंटे होगी सीसीटीवी की निगरानी

# शराब घोटाले-तिहाड़ के जेल नंबर-2 में रहेंगे केजरीवाल...

दिल्ली/ एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राष्ट्रीय राजधानी की तिहाड़ जेल की जेल नंबर 2 में रखा जाएगा। उन्हें जेल नंबर 2 के अलग लॉकअप में अकेले रखा जाएगा जो 24 घंटे सीसीटीवी निगरानी में रहेगा। इससे पहले आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह भी इसी जेल में बंद थे, हालांकि, हाल ही में उन्हें जेल नंबर 5 में स्थानांतरित कर दिया गया है। इससे पहले दिन में, दिल्ली की एक अदालत ने केजरीवाल को उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत खत्म होने के बाद उन्हें विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत में पेश किया गया। ईडी ने केजरीवाल की 15 दिन की न्यायिक हिरासत की मांग करते हुए कहा था कि वह पूरी तरह से असहयोगी हैं। अदालत में प्रवेश करने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए आप नेता ने कहा, प्रधानमंत्री जो कुछ भी कर रहे हैं (अपनी गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए) वह देश के लिए अच्छा नहीं है। आप मंत्री आतिशी, सौरभ भारद्वाज और केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल अदालत में मौजूद थे। संघीय जांच एजेंसी ने मामले के सिलसिले में 21 मार्च को केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। अगले दिन, विशेष न्यायाधीश बवेजा ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया। इसके बाद, अदालत ने ईडी की याचिका को 1 अप्रैल तक चार दिनों के लिए हिरासत में पूछताछ बढ़ाने के अनुरोध को स्वीकार कर लिया। इस बीच केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सोमवार को भाजपा पर आरोप लगाया कि उसका एक ही मकसद है - लोकसभा चुनाव के दौरान उनके पति को जेल में डालना। उनसे 11 दिनों तक पूछताछ की गई, पूछताछ पूरी हो गई है। अदालत ने उन्हें दोषी नहीं ठहराया है। उन्हें जेल में क्यों रखा गया है राउज एवेन्यू कोर्ट से बाहर निकलते समय सुनीता केजरीवाल ने संवाददाताओं से यह बात कही। उन्होंने कहा, उनका (भाजपा) एक ही उद्देश्य है - लोकसभा चुनाव से पहले उन्हें जेल में डालना। देश की जनता इस तानाशाही का जवाब देगी। यह मामला 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की उत्पाद शुल्क नीति को तैयार करने और क्रियान्वित करने में कथित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग से संबंधित है, जिसे बाद में रद्द कर दिया गया था। ईडी ने राउज एवेन्यू कोर्ट में (23 मार्च) केजरीवाल की रिमांड मांगते समय तर्क दिया कि शराब घोटाले में गिरफ्तार बिचौलिया विजय नायर सीएम का करीबी है। वह केजरीवाल के लिए रिश्वत की रकम एकत्र करता था। आबकारी नीति लागू कराना और जो न माने उसे मनाने व धमकाने का काम भी नायर ही करता था। सरकारी गवाह दिनेश अरोड़ा ने कबूल किया है कि नायर के कहने पर उसने 31 करोड़ रुपये दिए थे।



### कौन है विजय नायर, जिसका नाम केजरीवाल ने लिया...

कथित दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इसके बाद उन्हें तिहाड़ जेल ले जाया गया। केजरीवाल को दो नंबर जेल में रखा गया है। इससे पहले आज कोर्ट में पहली बार केजरीवाल ने अपने दो मंत्रियों के नाम लिए। ईडी की ओर से पेश हुए एएसजी एसवी राजू ने कहा कि अरविंद केजरीवाल जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं और जांच को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने कहा कि विजय नायर ने उन्हें कभी रिपोर्ट नहीं किया। लेकिन वह आतिशी और सौरभ भारद्वाज को रिपोर्ट करता था। सूत्रों की मानें तो अब इस जांच की आंच मंत्री आतिशी और सौरभ भारद्वाज तक पहुंच सकती है।

### शराब नीति मामले में अब तक गिरफ्तारी


विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, समीर महेंद्रू, पी सरथ चंद्रा, बिनोय बाबू, अमित अरोड़ा, गौतम मल्होत्रा, राघव मंगुटा, राजेश जोशी, अमन ढाल, अरुण पिल्लई, मनीष सिसोदिया, दिनेश अरोड़ा, संजय सिंह, के. कविता, अरविंद केजरीवाल। 17 नवंबर 2021 को दिल्ली सरकार ने राज्य में नई शराब नीति लागू की। इसके तहत राजधानी में 32 जोन बनाए गए और हर जोन में ज्यादा से ज्यादा 27 दुकानें खुलनी थीं। इस तरह से कुल मिलाकर 849 दुकानें खुलनी थीं। नई शराब नीति में दिल्ली की सभी शराब की दुकानों को प्राइवेट कर दिया गया। इसके पहले दिल्ली में शराब की 60 प्रतिशत दुकानें सरकारी और 40 प्रतिशत प्राइवेट थीं। नई नीति लागू होने के बाद 100 प्रतिशत प्राइवेट हो गईं। सरकार ने तर्क दिया था कि इससे 3,500 करोड़ रुपये का फायदा होगा।

प्रबुद्ध सम्मेलन में सीएम योगी बोले

# पहले के मुख्यमंत्रियों के लिए गौतम बुद्धनगर अभिशप्त था.

नोएडा/ एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मलेन को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी यह जानते हैं कि यह वही जनपद है जो जनपद 2017 से पहले के मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त हुआ करता था। मैं तब ये समझ नहीं पाया था कि आखिर गौतमबुद्ध नगर जनपद उत्तर प्रदेश का भाग है और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के लिए अभिशप्त क्यों है। फिर मैंने सूची देखी और अनुमान लगाने लगा कि ये प्रदेश के मुख्यमंत्रियों के अभिशप्त इसलिए हुआ करता था क्योंकि उनके द्वारा भेजे जाने वाले नौकरशाह यहां की जनता को कंगाल करते थे और अपने आपको और अपने संरक्षकों को मालामाल करते थे। यह तथ्य सबके सामने न आने पाए, इसके लिए उनके द्वारा प्रयास होता था कि इन तथ्यों पर धूल ही झोंकी जाए, जितनी पट्टी बांधी जाए। इसलिए गंधारी की पट्टी यहां बंधी ही रहती थी। सीएम योगी ने आगे कहा कि मैं देख के ताज्जुब था और इन चीजों को सुनता था। फिर मैंने तय किया कि गौतमबुद्ध नगर जैसे उर्वरा क्षेत्र को मैं स्वय चलकर देखूं। मुझे 2017 में यहां आने का अवसर प्राप्त हुआ। यहां आकर मैंने समस्याओं को देखा। यहां के जनप्रतिनिधियों को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने यहां की समस्याओं को उठाकर गौतमबुद्ध नगर को देश के अंदर ग्रोथ इंजन के रूप में पहचान दिलाने का काम किया।



### मंत्री पटेल के घर के सामने युवक ने किया आत्मदाह का प्रयास

**दमोह।** शहर के पलंबी चौराहे के पास शनिवार दोपहर एक व्यक्ति ने खुद के ऊपर पेट्रोल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। कोतवाली थाना प्रभारी आनंद सिंह के अनुसार मोहन पिता लाखन गडरिया निवासी सीतापुर ने जहां ये प्रयास किया, वहां पशुपालन एव डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल का निवास है। पीड़ित मोहन का कहना है कि मंत्री लखन पटेल के भतीजे नीतेश पटेल ने उससे 66 हजार रुपए फोन पे करवाए थे। अब मांगने पर कह रहा है कि हमारा फूफा राज्यमंत्री है। हमारे साथ अन्याय हुआ है इसलिए पेट्रोल डालकर आत्मदाह करना चाह रहा था।

इंडिया गठबंधन में दरार, केरल के मुख्यमंत्री बोले

# कांग्रेस के कारण जेल गए अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली/ एजेंसी

विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक द्वारा दिल्ली में भाजपा के खिलाफ लोकतंत्र बचाओ रैली आयोजित करने के एक दिन बाद, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने कहा कि उनके दिल्ली समकक्ष अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कांग्रेस के लिए एक सबक बन गई है। सीपीआई (एम) इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है। हालांकि, केरल में कांग्रेस के साथ उसकी आमने-सामने की लड़ाई है। राज्य के कोझिकोड में मीडिया को संबोधित करते हुए विजयन ने कहा कि दिल्ली में विपक्ष की रैली भाजपा के लिए एक चेतावनी थी। विजयन ने कहा कि यह रैली चुनाव में बड़ा प्रभाव डालने वाली है। यह भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ एक कड़ी चेतावनी है।



कांग्रेस को आयकर विभाग से राहत

# चुनाव के दौरान कांग्रेस पर कोई सख्त ऐक्शन नहीं लेगा-सुप्रीम....

नई दिल्ली/ एजेंसी

कांग्रेस को आयकर विभाग ने 3500 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस दिया है। इसे लेकर पार्टी चिंता में है और लोकसभा चुनाव के दौरान इतने बड़े ऐक्शन पर सवाल उठा रही है। हालांकि उसे थोड़ी राहत आज मिल गई। कांग्रेस को आयकर विभाग ने 3500 करोड़ रुपये की वसूली का नोटिस दिया है। इसे लेकर पार्टी चिंता में है और लोकसभा चुनाव के दौरान इतने बड़े ऐक्शन पर सवाल उठा रही है। इस बीच आयकर विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में जो बात कही है, वह कांग्रेस के लिए बड़ी राहत का सबब हो सकती है। अदालत में आयकर विभाग ने सोमवार को कहा कि वह लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस पर कोई सख्त ऐक्शन नहीं लेगा। यही नहीं विभाग ने अदालत से कहा कि इस मामले को जून तक के लिए स्थगित कर दिया जाए और चुनाव के बाद ही सुनवाई हो। आयकर विभाग ने कहा कि हम लोकसभा चुनाव के बीच किसी पार्टी की परेशानी नहीं बढ़ाना चाहते। इस पर अदालत ने अगली सुनवाई अब 24 जुलाई को करने का फैसला लिया है। इससे पहले कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का इस्तेमाल करके पार्टी को अस्थिर करना चाहती है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले जानबूझकर ऐसी कार्रवाई की जा रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि अभी चुनाव चल रहे हैं।



### बालाघाट लोकसभा सियासत में फंसी रिश्तों की डोर

**बालाघाट।** बालाघाट से दो बार के विधायक कंकर मुंजारे बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उनकी पत्नी अनुभा मुंजारे बालाघाट से ही कांग्रेस की विधायक हैं। अब दोनों के सामने अजीब सी स्थिति है। विधायक पत्नी कांग्रेस प्रत्याशी के सम्राट सरस्वार के लिए वोट मांग रही हैं। इस पर बसपा से चुनाव लड़ रहे उनके पति कंकर मुंजारे नाराज हैं। उन्होंने विधायक पत्नी को उनके घर से दूर रहकर कांग्रेस का प्रचार करने को कहा है। कंकर मुंजारे का कहना है कि एक ही घर में रहकर अलग-अलग पार्टी का प्रचार सिद्धांत के खिलाफहै।

हाइब्रिड कार पर कही यह बात

# पेट्रोल-डीजल वाहनों को खत्म करने का लिया संकल्प:नितिन

नई दिल्ली/ एजेंसी

भारत को हरित अर्थव्यवस्था बनाने की अपनी महत्वाकांक्षा के तहत, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी को कम करना चाहते हैं और उन्होंने देश को 36 करोड़ से अधिक पेट्रोल और डीजल वाहनों से पूरी तरह से मुक्त करने का संकल्प लिया है। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत के लिए पेट्रोल और डीजल कारों से पूरी तरह से छुटकारा पाना संभव है, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री गडकरी ने कहा,सौ प्रतिशत। गडकरी ने पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा, यह मुश्किल है लेकिन असंभव नहीं है। यह मेरा दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि भारत ईंधन आयात पर 16 लाख करोड़ रुपये खर्च करता है। मंत्री ने कहा कि इस धन का उपयोग किसानों के जीवन में सुधार के लिए किया जाएगा, गांव समृद्ध होंगे और युवाओं को रोजगार मिलेगा। गडकरी ने इस महत्वाकांक्षी लक्ष्य को पूरा करने के लिए कोई समयसीमा नहीं दी, जिसे हरित ऊर्जा के समर्थकों का भी मानना है कि मुश्किल है। गडकरी ने कहा कि हाइब्रिड वाहनों पर जीएसटी को घटाकर पांच प्रतिशत और फ्लेक्स इंजन पर 12 प्रतिशत करने का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय को भेजा गया है, जो इस मांग पर विचार कर रहा है। मंत्री ने कहा कि उनका दृढ़ विश्वास है कि देश जैव ईंधन के इस्तेमाल को बढ़ावा देकर ईंधन आयात को खत्म कर सकता है।



भाजपा की चुनाव घोषणा समिति की पहली बैठक

# 2047 तक 'विकसित भारत' के रोडमैप पर चर्चा...की गई

नई दिल्ली/ एजेंसी


लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही तमाम राजनीतिक दलों में घोषणा पत्र को लेकर कवायद तेज हो गई है। भाजपा ने 30 मार्च को चुनाव घोषणापत्र समिति का एलान किया था, जिसके अध्यक्ष भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सोमवार को भाजपा की चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत' एजेंडे का रोडमैप केंद्र में रहा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होने हैं। बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र के लिए लोगों की भागीदारी पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके विश्वास और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि लोगों से मिले सभी सुझावों को कई श्रेणियों के तहत छांटा जाएगा और समिति की अगली बैठक के लिए सीमित कर दिया जाएगा। समिति के सह-संयोजक गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गईं, जो लोगों तक पहुंचीं और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे। समिति के सह-संयोजक पीयूष गोयल ने कहा कि देश के 3,500 विधानसभा क्षेत्रों में 916 वीडियो वैन भी चलाई गई, जो लोगों तक पहुंचीं और घोषणापत्र के लिए उनके विचार मांगे थे। गौरतलब है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 20 सदस्यों वाली मैनिफैस्टो कमेटी बनाई थी। तब उसकी कमान तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह को ही सौंपी गई थी। इस बार भी उन्हें ही यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा जा रहा है कि भाजपा अप्रैल के दूसरे हफ्ते में घोषणापत्र जारी करने की योजना बना रही है। बता दें कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के लिए भाजपा ने राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद-370 के खात्मे, किसानों को छह हजार रुपये की सहायता, छोटे किसानों-दुकानदारों को पेंशन, एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराने जैसे अहम वादे किए थे। इसमें से राम मंदिर का निर्माण और अनुच्छेद-370 को खत्म करने का वादा भाजपा सरकार पूरा कर चुकी है। वहीं, समान नागरिक संहिता लागू करने की शुरुआत उत्तराखंड से हो चुकी है। इसके अलावा, कई अन्य वादों को भी पार्टी पूरा कर चुकी है। लोकसभा चुनावों के अभियान के दौरान बीजेपी और विपक्ष के बीच श्रीलंका के एक वीरान टापू कच्चतीवू को लेकर बहस छिड़ी हुई है. भारत ने 1974 में ही दो वर्ग किलोमीटर से भी छोटे इस टापू पर श्रीलंका के अधिकार को...



### स्वतंत्र है ईडी सीबीआई, हम नहीं बताते कि क्या करना है; पीएम मोदी का विपक्ष को जवाब

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफकिया है कि केंद्रीय एजेंसियां स्वतंत्र होकर काम करती हैं। उन्होंने कहा कि किसी की भी तरफसे उन्हें निर्देश नहीं दिए जाते हैं। खास बात है कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत कई विपक्षी दल सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो यानी सीबीआई के गलत इस्तेमाल के आरोप लगा रहे हैं। तमिलनाडु के थांथी टीवी को दिए एक इंटरव्यू में पीएम मोदी ने कहा, 'हम न तो उनके कामों में किसी तरह की बाधा डालते हैं और न ही उन्हें कुछ करने के निर्देश देते हैं। वे स्वतंत्र होकर काम करती हैं और इसका मूल्यांकन न्यायपालिका के पैमाने पर होता है।

# कैंसर से लड़ेंगी प्रतिरोधी कोशिकाएं




वैज्ञानिकों ने पहली बार लंबे समय से बीमार चल रहे मरीजों के कैंसर ट्यूमर को नष्ट करने के लिए जीन थेरेपी का सफल प्रयोग किया है। इस लक्ष्य को पाने में 20 साल लगे।

**अमेरिका** में पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने पैथोजन से लड़ने वाले मरीजों की अपनी टी कोशिकाएं बनाई, जिसका लक्ष्य ल्यूकिमिया कोशिकाओं की सतह पर मिले कणों से लड़ना था। बदली हुई टी कोशिकाओं को शरीर के बाहर विकसित किया गया और उसके बाद क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया से बीमार मरीजों के शरीर में वापस डाला गया। यह बीमारी खून और बोन मैरो को प्रभावित करती है और ल्यूकिमिया का बहुत आम रूप है।



### परीक्षण का पहला चरण

नई थेरेपी की मदद से कैंसर के तीन मरीजों को जीवनदान मिला। इसने प्रतिरक्षी कोशिकाओं को ट्यूमर किलर में बदल दिया। पहले चरण के ट्रायल में भाग लेने वाले दो मरीजों की हालत पिछले एक साल से सुधर रही है। तीसरे मरीज के शरीर ने अच्छी प्रतिक्रिया दी है और उसका कैंसर नियंत्रण में है। अगला बड़ा चरण शुरू करने से पहले शोधकर्ता क्रोनिक लिम्फोसाइटिक ल्यूकिमिया के शिकार चार और मरीजों का उपचार करना चाहते हैं।


7
8

### विकास के दौर में

ट्रायल के नतीजों ने वैज्ञानिकों को हैरत में डाला, हालांकि जीन थेरेपी अभी भी विकास के दौर में है। पेनसिल्वेनिया विश्वविद्यालय के पेरेलमन मेडिसीन स्कूल के डॉ. माइकल कैलोस के अनुसार हमने टी-सेल की सतह पर एक कुंजी डाली, जो उस ताले के साथ फिट बैठती है, जो सिर्फ कैंसर की सेलों में होता है। इलाज के नतीजे दूसरे प्रकार के कैंसरों के इलाज का भी रास्ता सुझाते हैं। इसमें फेफड़े और अंडाशय का कैंसर भी शामिल है। शोध के नतीजे न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसीन और साइंस ट्रांसलेशनल मेडिसीन पत्रिकाओं में प्रकाशित किए गए हैं। कैलोस ने कहा है कि एडॉप्टिव टी-सेल ट्रांसफर के नाम से जाने, जाने वाले पिछले प्रयास या तो इसलिए विफल हो गए कि टी-सेलों की प्रतिक्रिया बहुत कमजोर थी या फिर इसलिए कि वे सामान्य ऊतकों के लिए अत्यंत विषैले थे।

### कैंसर इलाज की नई तकनीक

यह तकनीक कैंसर के इलाज की दूसरी तकनीकों से अलग है। यह ट्यूमर का मुकाबला करने के लिए शरीर की अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को काम में लाती है। अब आप इम्यून रेस्पांस करवाने की कोशिश छोड़िए, हम आपको इम्यून रेस्पांस दे रहे हैं।


इलाज की नई प्रणाली सुरक्षित मालूम होती है, लेकिन शोधकर्ताओं का कहना है कि अभी और परीक्षण किए जाने की जरूरत है। पहले चरण के ट्रायल में ल्यूकिमिया के मरीजों को प्रतिरक्षा बढ़ाने वाली दवा दी गई, क्योंकि लक्षित अणु सीडी 19 सामान्य प्रतिरक्षा सेलों पर भी होता है। जीन थेरेपी के लिए शोधकर्ताओं ने एक वायरस का इस्तेमाल किया, जो कोशिकाओं को सिर्फ एक बार संक्रमित कर सकता है। लगभग दो सप्ताह बाद मरीजों ने ट्यूमर लाइसिसि सिंड्रोम का अनुभव करना शुरू किया। इसमें कंपकंपी, मितली और बुखार के लक्षण दिखाई देते हैं, जो कैंसर की मरती कोशिकाओं से पैदा होने वाले उत्पादों के कारण पैदा होते हैं।

### नए टी-सेल

नए विकसित टी-सेल बाद के कई महीने तक मरीजों के खून में पाए गए। उनका एक हिस्सा मेमोरी सेलों में बदल गया, जो कैंसर के फिर से होने से सुरक्षा कर सकता है। पोर्टलैंड ओरेगन के कैंसर सेंटर के डॉ. वाल्टर ऊरबा चेतावनी देते हैं कि सक्रिय टी-सेलों और मेमोरी सेलों की उपस्थिति दूसरे प्रकार के कैंसरों के लिए समस्या पैदा कर सकती है, जहां सामान्य कोशिकाओं पर विषैला असर और गंभीर हो सकता है। जीन थेरेपी के ट्रायल पर सारा खर्च शैक्षणिक समुदाय से आया है।

# फेफड़ों के कैंसर को रोकेगी जालकोरी

फेफड़ों के कैंसर की नई दवा जालकोरी उपयोगी साबित होगी। अमेरिका के औषधि प्रशासन विभाग ने गोली को मंजूरी दे दी है।




अमेरिका के खाद्य एवं औषध प्रशासन ने फेफड़ों के कैंसर से बचाव करने और ट्यूमर के विकास को रोकने वाली दवा को मंजूरी दी है। जालकोरी नामक यह गोली जीन पर हमला कर उपचार करती है। प्रमुख दवा कंपनी फाइजर द्वारा निर्मित जालकोरी नामक यह गोली कैंसर पीड़ितों के शरीर में जीन पर हमला कर उपचार करती है। इससे उन कैंसर मरीजों का इलाज संभव होगा, जिनके शरीर में एक असाधरण जीन मौजूद होती है, जिससे कैंसर कोशिकाएं बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर विकसित होता रहता है। येल विश्वविद्यालय में कैंसर चिकित्सा विभाग के प्रमुख डॉ. रॉय हर्बस्ट का कहना है यह एक आणविक चिकित्सा का उदाहरण है। अब ऐसी थेरेपी विकसित हो चुकी है, जो कीमोथेरेपी से भी बेहतर है और ट्यूमर को खत्म करने में सहायक सिद्ध हो सकती है। खाद्य एवं औषध प्रशासन (एफडीए) का कहना है कि करीब तीन चौथाई रोगियों की जांच ट्यूमर विकसित होने के बाद हो पाती है। साथ ही इनमें से मात्र छह प्रतिशत लोग पांच साल तक जीवित रह पाते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि जालकोरी फाइजर के लिए एक ब्लॉकबस्टर उत्पाद सिद्ध हो सकता है। पिछले हफ्ते खाद्य एवं औषध प्रशासन ने एक और ऐसी दवा को मंजूरी दी है, जो जीन में परिवर्तन कर कैंसर का इलाज करती है।

# बड़ी फिगर से खो सकती है याददाश्त

अगर आपके फिगर की मोटाई अधिक है तो आप सावधान हो जाइये। इससे आपकी याददाश्त भी जा सकती है।



एक नए शोध के अनुसार किसी महिला की फिगर उसकी याददाश्त को प्रभावित कर सकती है। अमेरिका में शोधकर्ताओं ने पाया कि बूढ़ी महिलाओं का वजन अधिक हो तो उनकी याददाश्त कमजोर होती है, लेकिन अगर नितंबों का वजन अधिक है तो यह याददाश्त को बहुत अधिक प्रभावित करती है।

### अन्य बीमारियों का खतरा

विशेषज्ञों का मानना है कि कमर के आसपास वजन बढ़ने से कैंसर, डायबिटीज और दिल की बीमारियों के बढ़ने का खतरा रहता है। यह शोध जर्नल ऑफ द अमेरिकन गेरियाट्रिक्स सोसायटी में छपा है, जिसमें अच्छे दिमाग के लिए सही वजन होने की महत्ता बताई गई है।

### वजन घटने से खतरा कम

हालांकि शोध में यह भी कहा गया है कि अगर नितंबों का वजन बहुत अधिक न हो यानी थोड़ा सा ही अधिक हो तो इससे दिमाग की सुरक्षा भी होती है। शोधकर्ता मानते हैं कि महिलाओं में पेट के आसपास जमा होने वाली वसा ओस्ट्रोजन हार्मोन बनाती है, जिसका बनना मीनोपॉज के बाद कम हो जाता है। ओस्ट्रोजन हार्मोन दिमाग के लिए मददगार होती है। यह शोध 65 से 79 साल की 8,745 महिलाओं पर किया गया। इन महिलाओं की याददाश्त की परीक्षा ली गई। इनमें से अधिकतर महिलाओं का वजन अधिक था और उनके बॉडी मास इंडेक्स का भी माप लिया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि जैसे जैसे बॉडी मास इंडेक्स बढ़ता है, वैसे वैसे उनकी याददाश्त कम होती जाती है। इस शोध में उन महिलाओं की याददाश्त सबसे खराब पाई गई, जिनकी कमर छोटी और नितंब बड़े पाए गए। शोधकर्ताओं के प्रमुख डॉ. डायना करविन का कहना था, हमें ये देखना होगा कि कौन सी वसा दिमाग को किस तरह प्रभावित करती है।

# नए सेल्स नहीं बनने देती रेडियेशन थेरेपी

रेडियेशन थेरेपी कैंसर की चिकित्सा का एक तरीका है जिसमें आयोनाइजिंग रेडियेशन नामक कणों का इस्तेमाल कैंसर के सेल्स को क्षति पहुंचाने के लिए होता है।

**आयोनाइजिंग** रेडियेशन कैंसर के सेल्स पर प्रहार करती है और उसके आनुवांशिक तत्व को नुकसान पहुंचा कर नए सेल्स को बनने नहीं देती । रेडियेशन थेरेपी के दौरान कैंसर के सेल्स के आसपास के सामान्य सेल्स को भी क्षति पहुंचती है लेकिन यह समय के साथ ठीक हो जाते हैं। रेडियेशन थेरेपी बाह्य रूप से एक्स रे बीम्स के रूप में गामा रेज या सब एटामिक पार्टिकल्स के रूप में दी जाती है। बाह्य रूप से रेडियेशन देने की प्रक्रिया में 5 से 15 मिनट लगते हैं और इसमें दर्द नहीं होता ।

### कुछ नए तरीके

चिकित्सा कितनी बार दी जानी है यह हर व्यक्ति के लिए अलग अलग होता है। कुछ स्थितियों में चिकित्सा में कई हफ्ते लग जाते हैं। आंतरिक रूप से भी रेडियेशन दिया जाता है। ऐसे में रेडियोऐक्टिव पदार्थों को शरीर की कैविटी के रख दिया जाता है या फिर ट्यूमर के सेल्स के अन्दर रखा जाता है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव को बढ़ाने के लिए अपनाये जाने वाले कुछ नए तरीके हैं –

- **कनफार्मल बीम तकनीक:** कई बीम से एक ही समय रेडियेशन भी ली जा सकती है। ऐसा करने से रेडियेशन ट्यूमर के सेल्स पर एकत्रित हो जाता है और सामान्य टिश्यूज को कम प्रभावित करता है।
- **इन्ट्राआपरेटिव रेडियेशन थेरेपी :** सर्जरी के दौरान ट्यूमर पर रेडियेशन दी जाती है।
- **रेडियेसेंसिटाइजर्स:** यह ड्रग्स कैंसर के सेल्स पर रेडियेशन के प्रभाव को बढ़ाते हैं।
- **रेडियोप्रोटेक्टर्स:** यह ड्रग्स सामान्य सेल्स को रेडियेशन के द्वारा हुई क्षति से बचाते हैं जबकि आसपास के कैंसर के सेल्स क्षतिग्रस्त हो चुके होते हैं।
- **रेडियोइम्यूनोथेरेपी:** रेडियोएक्टिव पदार्थ एण्टीबाडीज से जुड़े होते हैं जो कि रक्षात्मक रासायन होते हैं और प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा बनाये जाते हैं। यह एण्टीबाडीज कैंसर के सेल्स को प्रभावित करते हैं । हमारे शरीर के एण्टीबाडीज नान कैंसरस, स्वस्थ सेल्स को प्रभावित नहीं करते हैं इसलिए इससे ट्यूमर के बाहर रेडियेशन से होने वाली क्षति का खतरा कम होता है ।

### रोग की चिकित्सा

बाह्य / एक्सटर्नल रेडियेशन थेरेपी शुरू करने से पहले रेडियेशन विशेषज्ञ चिकित्सा की योजना बनाता है। वह यह भी निर्धारित करता है कि मरीज़ को किस प्रकार की रेडियेशन और कितने सेशन देने हैं । आप शुरूआती सेशन में भाग ले सकते हैं। चिकित्सक सबसे पहले उस जगह पर निशान बनाता है जहां पर कि रेडियेशन चिकित्सा देनी होती है। चिकित्सकीय क्षेत्र पर निशान अंकित करने के लिए आजकल छोटे गोल्ड सीड्स का इस्तेमाल किया जाता है जिन्हें कि फिड्यूकल्स कहते हैं। एक चिकित्सकीय सेशन से दूसरे चिकित्सकीय सेशन में जाने के लिए ट्यूमर पर रेडियेशन की बीम देने पर ज्यादा सावधानी की आवश्यकता होती है। इससे रेडिसेशन के फैलने का खतरा और सामान्य सेल्स को क्षति पहुंचने का खतरा कम हो जाता है। चिकित्सा के दौरान मरीज को अस्पताल का गाउन पहनने की आवश्यकता होती है। रेडियेशन थेरेपी के कमरे में आपको या तो चिकित्सा की टेबल पर लेटना होता है या विशेष कुर्सी पर बैठना होता है। आपकी त्वचा पर बनाये निशान से चिकित्सक उस जगह को निर्धारित कर सकेगा जहां पर रेडियेशन देनी है और शरीर के दूसरे भागों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा। थेरेपी लेने के दौरान आपका एक ही स्थिति में पड़े रहना जरूरी है। इसी कारण से आपके शरीर को एक सांचे में रखा जाता है। एक बार जबकि आप चिकित्सा के लिए तैयार हो जाते हैं तो रेडियेशन आनकोलाजिस्ट कमरे से बाहर निकलकर पास के कंट्रोल रूम में चला जाता है । यहां से चिकित्सक ट्रीटमेंट मशीन का प्रयोग कर एक खास खिड़की से आपकी निगरानी करता है। रेडियेशन थेरेपी के दौरान आप चिकित्सकीय मशीन की आवाज़ सुन सकते हैं और यह मशीन आपके इर्द गिर्द घूमती है । यह चिकित्सा 1 से 5 मिनट तक होती है और इसमें किसी प्रकार का दर्द भी नहीं होता । ट्रीटमेंट के कमरे में आपको 5 से 15 मिनट तक का समय लगता है । सामान्यत: यह चिकित्सा एक हफ्ते से कई हफ्तों तक की जाती है । अगर आप आंतरिक रेडियेशन थेरेपी करा रहे हैं तो आपकी चिकितसा थोड़ा अलग तरीके से होती है।

### ब्रैकी थेरेपी

एक तरीका है ब्रैकीथेरेपी जिसे कि इन्टरस्टीशियल रेडियेशन थेरेपी भी कहते हैं । अगर आप यह प्रक्रिया करा रहे हैं तो आपको एनेस्थीसिया दिया जाता है तारों में मौजूद रेडियोएक्टिव पदार्थ या छोटे ट्यूब में पड़ा रेडियोएक्टिव पदार्थ मरीज के शरीर में ट्यूमर के स्थान पर सीधा आरोपित कर दिया जाता है। यह रेडियोएक्टिव आरोपण शरीर के अंदर रहता है या इसे कुछ समय बाद शरीर से निकाल दिया जाता है और यह बात भी कैंसर के प्रकार पर निर्भर करती है।

दूसरी प्रक्रिया जिसे कि इन्ट्राकैविटरी थेरेपी कहते हैं इसमें आपको जनरल या लोकल एनेस्थेटिक दिया जाता है और रेडियोएक्टिव पदार्थ को सीधा शरीर की कैविटी में आरोपित कर दिया जाता है। बाद में इसे निकाल भी दिया जाता है। पुराने समय से आज तक दोनों ही प्रकार की रेडियेशन थेरेपी में बदलाव आये हैं। जैसे कि रेडियेशन का स्रोत प्रोटोन भी हो सकते हैं। इस तकनीक में रेडियेशन बीम को सीधा मरीज पर केंद्रित किया जाता है। इससे अधिक मात्रा में रेडियेशन टिश्यूज तक पहुंच जाती है और यह सामान्य सेल्स को कम नुकसान पहुंचाती है ।

वितरण की नयी तकनीक को देखते हुए एक्स रे इमेजिंग तकनीक का प्रयोग भी विस्तार से हो रहा है । ऐसे दो तरीके हैं–

- **थ्री डाइमेंशनल कनफार्मल रेडियेशन और इन्टेंसिटी माड्यूलेटेड रेडियेशन :** इसका ध्येय है ट्यूमर सेल्स में रेडियेशन की सही मात्रा देना जिससे कि सामान्य सेल्स को किसी प्रकार की क्षति ना पहुंचे ।
- साइबरनाइफ थेरेपी अधिक मात्रा में रेडियेशन थेरेपी देती है और इसे छोटे अंतराल पर देना होता है। ऐसे में बहुत ही सटीक मात्रा में रेडियेशन की डोज देनी होती है। कुछ स्थितियों में रेडियेशन चिकित्सा में कुछ हफ्ते लग जाते हैं और बीमारी ठीक हो जाती है।



### बीमारी का पूर्वानुमान

चिकित्सक कुछ शरीरिक जाच, स्कैन, एक्स रे, रक्त जाच करके रेडियेशन थेरेपी का पता लगाने की कोशिश करेंगे । आपके निशचित प्रकार की फोलो अप और जांच से यह पता चलेगा कि रेडियेशन थेरेपी की आवश्यकता है या नहीं । इस जांच से ट्यूमर की सथिति का पता चलेगा और यह भी पता चलेगा कि कैंसर कितना फैल चुका है। रेडियेशन थेरेपी के बहुत से दूसरे अतिरिक्त प्रभाव हैं जो कि शरीर के उस क्षेत्र पर निर्भर करते है जिनकी चिकित्सा की जानी है। रेडियेशन थेरेपी के प्रभाव कुछ इस प्रकार से हो सकते हैं जैसे कि थकान होना, बालों का झड़ना, त्वचा के रंग में परिवर्तन, भूख ना लगना, उलटियां आना, इन्फर्टिलिटी, स्टेरिलिटी, वैजाइनल ड्राइनेस। रेडियेशन थेरेपी से दूसरे प्रकार के कैंसर का भी डर रहता है।

# कलेक्टर ने टीएल बैठक में की चुनाव तैयारियां एवं लंबित मामलों की समीक्षा

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** 01 अप्रैल 2024 कलेक्टर अवनीश शरण ने को साप्ताहिक टीएल की बैठक में चुनाव तैयारियां सहित विभागीय लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चुनाव संबंधी प्रत्येक काम को बड़ी संजीदगी के साथ और समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। गरमी बढ़ने के साथ आग लगने की संभावित घटना के मद्देनजर सभी को अलर्ट रहने को कहा है। श्री शरण ने आग लगने पर कैसे बचाव किया जाए, इस बाबत आम जनता में जागरूकता लाने के लिए कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त अमित कुमार, डीएफओ सत्यदेव शर्मा, सीईओ जिला पंचायत आरपी चौहान, एडीएम आरए कुरुवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार बनर्जी सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



कलेक्टर ने बैठक में चुनाव तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में इस बार 16 विशेष मतदान केन्द्र होंगे। इनमें महिला कर्मचारियों द्वारा संचालित 10 संगवारी मतदान केन्द्र (पिंक बूथ), 5 युवा कर्मचारियों द्वारा संचालित बूथ और 1 दिव्यांग मतदान केन्द्र शामिल हैं। उन्होंने संबंधित एआरओ को इनका चयन कर आयोग के निर्देशानुसार व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी मतदान केन्द्रों में जरूरी आवश्यक व्यवस्था बनाकर इसकी रिपोर्ट देने को भी कहा है। मतदान केन्द्रों की दीवारों पर सुस्पष्ट अक्षरों में मतदान संबंधी बुनियादी जानकारी लिखा होना चाहिए ताकि मतदाता को अपना केन्द्र पहचानने में दिक्कत न हो। मतदान कराने वाले कर्मचारियों का चयन भी रैण्डमाईजेशन के जरिए कल 2 अप्रैल को किया जायेगा। इसके बाद 8 से 10 अप्रैल तक विधानसभा वार प्रथम प्रशिक्षण भी स्थानीय स्तर पर दिया जायेगा। कलेक्टर ने एफएसटी एवं एसएसटी टीमों को भी कार्रवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए। श्री शरण ने प्राकृतिक आपदा में हुई मौत के कुछ मामलों में अत्यधिक विलंब किये जाने पर नाराजगी जाहिर की और इन पर टीएल में समीक्षा के लिए प्रकरण दर्ज करने को कहा है। व्यापार बिहार स्थित एक निजी अस्पताल में मरीजों के साथ अमानवीय व्यवहार एवं इलाज की जांच कर रिपोर्ट देने को भी कहा है।

## रेत के अवैध परिवहन में लगे सात ट्रैक्टर को खनिज विभाग और पुलिस ने जप्त किया



राजीव वर्मा

**एम,सी बीभारत भास्कर**-- खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा रेत का अवैध उत्खनन पर कार्रवाई की है बता दें कि इन दिनों रेत का अवैध परिवहन धड़ल्ले से जारी है. इसे रोकने के लिए खनिज विभाग और जिला प्रशासन ने कमर कस लिया है. रविवार को खनिज विभाग और मनेंद्रगढ़ पुलिस ने रेत उत्खनन और परिवहन करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की.

बता दे कि हसदो नदी से ट्रैक्टर के जरिए रेत की ढुलाई की जा रही थी जिसे लेकर कलेक्टर ने खनिज विभाग को कार्रवाई के लिए निर्देशित किया.

सात ट्रैक्टर किए गए जब्त---- रेत के अवैध परिवहन में लगे सात ट्रैक्टर को खनिज विभाग और पुलिस ने सीज किया. हसदो नदी से यहां लगातार रेत का परिवहन और उत्खनन किया जा रहा है. यह कार्रवाई मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर जिला प्रशासन ने छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 2015 के तहत की है. खनिज विभाग और जिला प्रशासन का कहना है कि बीते कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि यहां लगातार धड़ल्ले से रेत का परिवहन किया जा रहा है. जिस पर यह कार्रवाई की गई है. यह कार्रवाई अवैध रेत उत्खनन और परिवहन दोनों को लेकर हुई है.

रेत माफिया के खिलाफ जारी रहेगी कार्रवाई--/रेत के सौदागरों और रेत माफिया संगठित होकर जिले में रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन कर रहे हैं. मनेंद्रगढ़ खनिज विभाग और पुलिस की तरफ से कहा गया है कि आगे भी रेत के उत्खनन से जुड़े लोगों पर कार्रवाई जारी रहेगी.

आदित्य मानकर,खनिज निरीक्षक, एमसीबी ने बताया कि卐खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई थी. चैनपुर, चुटीमार्ग में यह कार्रवाई की गई. सात वाहनों को सीज किया गया. छत्तीसगढ़ गौण खनिज अधिनियम 2015 के तहत कार्रवाई की गई है. सभी वाहनों को मनेंद्रगढ़ थाने में खड़ा किया गया है

रेत माफिया पर कार्रवाई से हड़कंप: ---रेत के कारोबारी और रेत माफिया पर कार्रवाई से हड़कंप मचा हुआ है. खनिज अधिकारी मनेन्द्रगढ़, खनिज निरीक्षक मनेन्द्रगढ़ और थाना प्रभारी पोड़ी के साथ रविवार को हुई कार्रवाई में खनिज विभाग के स्टाफ भी शामिल रहे.

## पनिका समाज के जनप्रतिनिधियों ने कीएन आर आई चंद्रकांत भाई से मुलाकात

राजीव वर्मा

**एम,सी बीभारत भास्कर**-- अप्रवासी भारतीय श्री चंद्रकांत पटेल जी निवास स्थल पर पनिका समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्म प्रकाश परेवा जी, लालजी मरई ब्लॉक अध्यक्ष, मनोज कुमार ब्लॉक सचिव,विजेंदर देवांगन मीडिया प्रभारी सहित वरिष्ठ सदस्यों ने पुष्प गुच्छ से चंद्रकांत पटेल जी का अभिवादन किया।

समाज के ब्लॉक सचिव मनोज कुमार ने पूर्व में समय समय पर समाज को पटेल जी द्वारा किये गए सहयोग के प्रति धन्यवाद देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ की शुभकामना व्यक्त की।

समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मप्रकाश परेवा जी ने पटेल जी के वकालत के दिनों के सामाजिक कार्यों व निरीह वर्ग हेतु निस्वार्थ प्रेक्टिस का स्मरण किया।

ब्लॉक अध्यक्ष लालजी मरई ने पटेल जी के सामाजिक कार्यो के पर प्रकाश डाला। समाज के मीडिया प्रभारी बिजेन्दर देवांगन जी ने चंद्रकांत जी के साथ के सामाजिक कार्यों व धार्मिक कार्यो पर प्रकाश डाला। चंद्रकांत पटेल जी ने सबको आभार प्रदर्शित करते बताया कि पनिका समाज व शिक्षा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व स्व.मंगलराम कोर्राम जी का स्मरण करते हुए बतलाया कि वे उनके बाल्यकाल के गुरु है और उन्ही की प्रेरणा से मैंने मातुश्री कुंवरबेन पटेल की स्मृति में शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय की पहल की,स्व.कोर्राम सर तत्कालीन सरगुजा बालिका कल्याण समिति के अध्यक्ष रहे जिनके माध्यम से इस महाविद्यालय का प्रारंभ हुआ,यही कारण है कि मैं व्यक्तिगत रूप से इस समाज के साथ अभिन्न लगाव महसूस करता हूं।साथ ही साथ उन्होंने पुराने साथियों व उनके परिजनों के साथ मुलाकात पर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में बारेलाल काशी,पूरन लाल,अमरजीत पड़वार, रोशनी बुनकर, अनिता मानिकपुरी,पप्पू, हीरा दास लक्ष्मी देवांगन,कंचन देवांगन,पूरनलाल काशीपुरी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।



## 07 अप्रैल तक भरे जाएंगे नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए फार्म

### 13 जून को होगी प्रवेश परीक्षा, बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में मिलेगा प्रवेश

### अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाइट पर 07 अप्रैल तक ऑनलाईन कर सकेंगे आवेदन

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** 01 अप्रैल 2024 को छत्तीसगढ़ में शासकीय और निजी कॉलेजों में वर्ष 2024-25 शैक्षणिक सत्र में स्नातक नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि को 07 अप्रैल 2024 निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रम में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in और vyapamaar.cgstate.gov.in/ पर ऑनलाईन 07 अप्रैल तक भर सकते है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 13 जून 2024 को आयोजित होगी।

व्यवसायिक परीक्षा मण्डल के संयुक्त नियंत्रक श्री जे. सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाईन कोई परीक्षा शुल्क अभ्यर्थियों से नहीं लिया जाएगा। अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन भरने के बाद 08 अप्रैल से 10 अप्रैल तक त्रुटि सुधार की सुविधा भी रहेगी। स्कूटनी एवं प्रवेश प्रक्रिया छत्तीसगढ़ नर्सिंग पाठ्यक्रम प्रवेश नियम 2019 और संशोधन नियम 2022 के प्रावधानों के तहत की जाएगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी, काउसलिंग, आवंटन आदि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल की वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in और vyapamaar.cgstate.gov.in/ पर प्राप्त की जा सकती है।

## आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश

### ऑनलाईन आवेदन 15 अप्रैल तक

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** 1 अप्रैल 2024 को आरटीई के तहत जिले के निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश के लिए इच्छुक पात्र विद्यार्थी 15 अप्रैल तक आरटीई पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते है। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया 1 मार्च से प्रारंभ हो चुकी है। जिले के 551 निजी विद्यालयों के कुल 4530 सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन लिए जा रहे है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मार्च महीने में लगभग 10 हजार से ज्यादा विद्यार्थियों ने आवेदन किये है। सभी आवेदकों को अपना आवेदन फार्म आरटीई पोर्टल में भरने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित विद्यालय के नोडल अधिकारी (प्राचार्य) के पास 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

आरटीई के तहत प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता, अभिभावक का पता और पहचान पत्र, बीपीएल सर्वे सूची में नाम, जाति प्रमाण पत्र, सरकारी अस्पताल से 40 प्रतिशत मानसिक या शारीरिक रूप से विकलांग प्रमाण पत्र, सीडब्ल्यूसी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज होने आवश्यक है। आवेदन करते समय सही फोन नं और अपना फोन नं. ही भरे। एक ही आवेदन भरें, त्रुटि होने पर सुधार करें। आवेदन क्रमांक प्राप्त नहीं होने पर ऋक्ष्अश्व.ष्द्ध.ङ्खद्बष्.द्ब्रङ्ख पोर्टल से स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन के आरटीई आवेदन क्रमांक प्राप्त कर सकते है। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जारी समय सारणी के अनुसार प्रथम चरण में छात्र पंजीयन 15 अप्रैल तक, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 18 अप्रैल से 17 मई, लॉटरी एवं आबंटन 20 मई से 30 मई एवं स्कूल दाखिला प्रक्रिया 1 जून से 30 जून 2024 तक है। इसी प्रकार दूसरे चरण में नवीन स्कूल पंजीयन एवं जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन 15 जून से 30 जून, छात्र पंजीयन 1 जुलाई से 8 जुलाई, नोडल अधिकारियों के द्वारा दस्तावेजों की जांच 9 जुलाई से 15 जुलाई, लॉटरी एवं आबंटन 17 जुलाई से 20 जुलाई, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 22 जुलाई से 31 जुलाई एवं वर्ष 2023-24 हेतु ऑनलाईन दावा प्रक्रिया 1 अगस्त से 30 अगस्त 2024 तक निर्धारित की गई है।

# केंद्र की भाजपा सरकार भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने कृत संकल्पित : संतोष पांडे

**राजनांदगाँव।** भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संतोष पांडे आज सुबह कवर्धा विधानसभा क्षेत्र की विधानसभा स्तरीय बैठक में सम्मिलित होने के पश्चात जिले के ग्राम लासाटोला, नवापारा, बदराडीह, सोहगपुर एवं छांटा में सघन जनसम्पर्क करते हुए ग्रामीणों के बीच जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान श्री पांडे का ग्रामीणों एवं माता बहनों ने विजय तिलक लगाकर स्वागत अभिनंदन किया एवं उन्हे फूल मालाओं से लाद दिया अनेक स्थानों पर बुजुर्ग माताओं ने श्री पांडे को आशीर्वाद दिया वहीं बहनों ने आरती उतारी। वे देर शाम मैनपुरी, मुड़घुसरी, चिमागोंदी, भालूटोला मे भी जनसम्पर्क करते हुए जनसभाओं को संबोधित करेंगे। विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय ने कहा की केंद्र में कांग्रेस शासन के 10 वर्ष एवं प्रदेश में 05 वर्षों में



भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुच गया था। केंद्र में भाजपा की सरकार आने की पश्चात भ्रष्टाचारीयों पर नकेल कसने का काम किया गया हैं,इसके लिए केंद्र की सवैधानिक संस्था ईडी एवं सीबीआई जांच करके दोषियों पर कार्यवाही कर रही हैं।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री पांडे ने कहा कि आज बड़े ङ्क बड़े भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों के पीछे हैं, उन्हे सुप्रीम कोर्ट से भी जमानत नहीं मिल रही हैं, उन्होंने कहा कि ईडी एवं सीबीआई एक स्वतंत्र संस्था हैं जो अपना काम कर रही हैं उसमे भाजपा का कोई हस्ताक्षेप नहीं हैं। श्री पांडे ने कल दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित लोकतंत्र बचाव रैली को भ्रष्टाचार और परिवार बचाओ रैली करार दिया और कहा की मोदी हटाओं के लक्ष्य पर काम करने वाले विपक्ष का जनता के हित और देश के विकास से कोई सरोकार नहीं हैं, उन्होंने आगे कहा की उक्त रैली ऐसे राज्य दिल्ली में हुई हैं जंहा का मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार के मामले में हिरासत में हैं, भाजपा देश में हुए भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने के लिए कृत संकल्पित हैं।

श्री पांडे ने छत्तीसगढ़ राज्य की बात करते हुए महादेव एप,आबकारी घोटाला, चाँवल घोटाला सहित अनेक भ्रष्टाचार के मामलों पर कहा की इन घोटालेबाजों पर भी ईडी एवं सीबीआई शिकंजा कस चुका हैं। इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध भी उक्त घोटालों में सम्मिलित होने के प्रमाण मिल रहें हैं, समय आने पर इन पर भी ईडी एवं सीबीआई अपना काम करेगी। कोई भी दोषी बखसे नहीं जाएंगे। श्री पांडे ने आम मतदाताओं से अपील की कि घोंटालों में संलग्न प्रत्याशी को भारी मतों से पराजित करने हेतु अपना मतदान करें एवं कमल फूल को विजयी बनाकर देश में नरेंद्र मोदी को ससक्त बानवे। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, दिनेश चंद्रवंशी, चंदन पटेल,पर्यटन वर्मा, शंकर सोनवानी, देव चौबे, लाल कौशिक, सीदार पटेल, बिसेन कौशिक, अश्वनी कौशिक सहित अनेक नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### महिलाओं ने विविध कार्य म कर मतदाताओ को जागरूक किया



**देवनारायण कर्ष/सारंगढ़ बिलाईगढ़, 1 अप्रैल 2024/** जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू और परियोजना निदेशक श्री हरिशंकर चौहान के निर्देश पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़ श्रीमति संजू पटेल द्वारा ग्राम पंचायत सालर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराया गया, जिसमें कलस्टर समूह की महिलाओं द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत रंगोली और अपने हाथो में मेहदी से स्वीप लिखवाकर लोगो को वोट डालने के लिए उत्साहित किया। साथ ही साथ सभी महिलाओं ने सामूहिक मतदाता शपथ ली। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने रैली निकालकर हम महिलाओ ने ठाना है, सबको वोट कराना है नारे के जन जन को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

### कलेक्टर श्री साहू ने जिला कोषालय और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया



**देवनारायण कर्ष/सारंगढ़ बिलाईगढ़, 1 अप्रैल 2024**/कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री धर्मेश कुमार साहू ने जिला कोषालय सारंगढ़-बिलाईगढ़ का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कलेक्टर श्री साहू ने सभी प्रकार के अदालती एवं गैरअदालती मुद्रांको का सूक्ष्मता से परीक्षण किया। साथ ही साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्ट्रांग रूम के दस्तावेजों के रखरखाव के संबंध में गाईडलाईन भी दिये । निरीक्षण के समय श्री चन्द्रपाल सिह ठाकुर जिला कोषालय अधिकारी, श्री वासु जैन (आई.ए.एस) एआरओ एवं अनुविभागीय अधिकारी सारंगढ़, श्री अनिकेत साहू उप जिला निर्वाचन अधिकारी, सुश्री वर्षा बंसल डिप्टी कलेक्टर उपस्थित थे।

### स्टाफनर्स अनीता मरावी प्रा.स्वा.केंद्र लोहर्सी हुई निलंबित, बिना सूचना के केंद्र में महीनो से रही अनुपस्थिति

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छ.ग. के पत्र क्रमांक / स्था0/ नर्सिंग/2024/2935 बिलासपुर दिनांक 28.03.2024 एवं कार्यालय खण्ड चिकित्सा अधिकारी, सामु.स्वा.केन्द्र मस्तुरी, जिला बिलासपुर का पत्र क्रमांक / स्थापना /2024/568 मस्तुरी दिनांक 04.03.2024 द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार अनिता मरावी, स्टाफनर्स, प्राथ.स्वा.केन्द्र लोहर्सी द्वारा दिनांक 05.02.2023 से दिनांक 04.03.2024 तक बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कार्य से अनाधिकृत अनुपस्थित रहने की जानकारी एवं उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र के माध्यम से इस कार्यालय को सूचना प्राप्त हुआ है, जो की छ0ग0 सिविल सेवा (आचरण एवं वर्गीकरण) नियम 1965 के विपरित है, अत: उक्त कृत्य हेतु उक्त स्टाफ नर्स को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला बिलासपुर छ.ग. के अधीन किया जाता है। निलंबन अवधि में आप सक्षम अधिकारी के बिना सूचना के निर्धारित मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। निलंबन अवधि में इनको नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### मतदान करने दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क वाहन व्यवस्था

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :- 1 अप्रैल 2024** को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन के दौरान दिव्यांगों एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन कर उनके लिए घर से मतदान केंद्र तक आने-जाने की नि:शुल्क वाहन व्यवस्था की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा की जा रही इन तैयारियों से दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा, वे निर्भीक होकर अपने क्षेत्र अंतर्गत मतदान करने जा सकेंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वाहन को मतदाता रथ का नाम दिया जाएगा एवं वाहन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर चस्पा कर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जाएगा। नि:शुल्क परिवहन व्यवस्था के लिए संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

शराब पीकर स्कूल में हुड़दंग करने वाले शिक्षक की सेवाएं समाप्त कुछ दिन पहले शिक्षक का वीडियो वायरल शराब पीते हुए स्कूल में दिखाया गया था

### पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर जो करना है कर दो जिसको शिकायत करना है कर दो की बात कही थी

**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** मस्तुरी के मचहा प्राथमिक स्कूल का मामला। शिक्षक संतोष कुमार केवंट 28 फरवरी को शराब सेवन कर पहुंचा था स्कूल। तत्काल उसे निलंबित किया गया था। कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत डीईओ ने आज सेवा समाप्ति के आदेश पर हस्ताक्षर किए। सहायक शिक्षक का उपरोक्तानुसार कृत्य घोर परिनिंदा की श्रेणी में आता है, जो पदीय गरिमा को कलंकित करते हुए छात्र भविष्य दर्पण को कलंकित करना, साथ विभाग की छवि को प्रसारित विडियों वारयल में तार-तार करने का कृत्य किया गया है।

# अमरीकी दोस्ती में बांह मरोड़ने की कोशिश बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

योगेंद्र योगी



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के मामले में अमरीका को उसी के लहजे में सख्त जवाब देकर भारत ने बता दिया है भारत के अंदरूनी मामलों में किसी भी देश का हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, चाहे वे मित्र देश ही क्यों न हों। कड़ा जवाब देकर भारत ने अमरीका को यह भी समझा दिया कि दोस्ती की आड़ में बांह मरोडने् का प्रयास दोनों देशों के रिश्तों में दरार डाल सकता है।

ऐसा करने पर भारत-अमरीका के रिश्तों पर फर्क पड़ सकता है। केजरीवाल की गिरफ्तारी पर की गई कुछ टिप्पणियों के विरोध में अमेरिका के एक वरिष्ठ राजनयिक को भारत द्वारा तलब किये जाने पर वाशिंगटन ने दोहराया था कि वह निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा था मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं, लेकिन निश्चित रूप से, हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने यहां से कहा है कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समयबद्ध कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं। हमें नहीं लगता कि किसी को इस पर आपत्ति होनी चाहिए। यही बात हम निजी तौर पर स्पष्ट कर देंगे। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने अमेरिकी दूतावास की कार्यवाहक उपप्रमुख ग्लोरिया बरबेना को तलब किया था, अमेरिकी विदेश विभाग की टिप्पणी को अनुचित करार देते हुए कहा था कि उसे अपनी स्वतंत्र और मजबूत लोकतांत्रिक संस्थाओं पर गर्व है और वह इन्हें किसी भी प्रकार के अनावश्यक बाहरी प्रभाव से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्रालय ने इस मामले में अमेरिकी डिप्लोमैट ग्लोरिया बारबेना को तलब किया था। मंत्रालय ने कहा था कि भारत में कानूनी कार्रवाई पर अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता का बयान गलत है। कूटनीति में उम्मीद की जाती है कि देश एक दूसरे के आंतरिक मसलों और संप्रभुता का सम्मान करेंगे। अगर दो देश लोकतांत्रिक हों तो इसकी उम्मीद और बढ़ जाती है नहीं तो अव्यवस्था की स्थिति बन सकती है। गौरतलब है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया है।

केजरीवाल मुद्दे पर अमेरिका की तरफ से आए दूसरे बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका के बयान पर भारत पहले ही आपत्ति जता चुका है। उसका ताजा बयान अवांछनीय है। इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। इसी मुद्दे पर भारत ने अमरीका के साथ ही जर्मनी को करारा जवाब दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत में न्याय प्रणाली स्वतंत्र है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित जर्मन दूतावास मिशन के उप प्रमुख जॉर्ज एन्ज़्वीलर को तलब किया। भारत ने जर्मनी के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में दखल बताते हुए अपना कड़ा विरोध दर्ज किया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में दखल और हमारी न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कमजोर करने के रूप में देखते हैं।

यह पहला मौका नहीं है जब भारत ने अमरीका की सुनने से इंकार कर दिया। इससे पहले अमरीका निवासी खालिस्तानी आतंकी गुरवंत सिंह पन्नू के मामले में भी भारत ने अमरीका को सख्त लहजे में समझाते हुए दर्शा दिया था कि भारत विरोधी कार्रवाई को किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा जाएगा। भारत की दोस्ती को अमरीका कमजोरी नहीं समझे। अमेरिकी अफसरों ने दो भारतीय नागरिकों पर गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की विफल साजिश में शामिल होने का आरोप लगाया था। निखिल गुप्ता और एक अनाम सरकारी अधिकारी पर यह आरोप लगाए थे। अमेरिका का ये भी दावा है कि यही आरोपी हरदीप सिंह निज्जर के मर्डर की प्लानिंग में भी शामिल थे। इसको लेकर न्याय विभाग ने मैनहैटन अदालत में अभियोग (आरोप पत्र) दर्ज किया था। भारत ने इस मुद्दे पर करारा जवाब देते हुए अमरीका को अपनी जमीन से भारत विरोधी गतिविधियां संचालित करवाने का आरोप लगाया था।

इसी तरह भारत ने आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में कनाड़ा और अमरीका को कड़ा जवाब दिया था। हालांकि इस मुद्दे पर अमरीका ने सीधे कोई हस्तक्षेप नहीं किया। भारत ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो के निज्जर की हत्या करवाने के आरोपों का खारिज करते हुए करीब दो दर्जन से ज्यादा डिप्लोमट को बाहर का रास्ता दिखाते हुए अपनी बदली हुई विदेश नीति से वाकिफ भी करा दिया था। भारत के ऐसे सख्त रवैये से कनाडा भौचक्का रह गया। टूडो ने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत ऐसा रवैया भी अख्तियार कर सकता है। भारत ने कनाडा पर खालिस्तानी आतंकियो को पनाह देने का आरोप लगाया था। भारत पर लगाए निज्जर की हत्या के आरोपों का कनाडा साबित नहीं कर सका। केवल सिक्ख वोट बैंक पाने के लिए कनाड़ा ने भारत पर यह आरोप लगाया था।

इसी तरह भारत ने अंदरूनी मामलों में हस्तक्षेप को लेकर तुर्की की भी खिचाई की थी। कश्मीर के मुद्दे पर भारत-तुर्कीये एक बार फिर से आमने-सामने आ गए थे। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद के 55वें सत्र में तुर्किये ने कश्मीर में मानवाधिकारों को लेकर सवाल उठाया और भारत को घेरने का प्रयास किया था। हालांकि, राइट टू रिप्लाई के तहत संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भारत की प्रथम सचिव अनुपमा सिंह ने तुर्किये को जवाब देते हुए कहा कि हमें दुख है कि तुर्किये ने भारत के आंतरिक मामले पर टिप्पणी की। उम्मीद है कि वह आगे इस तरह के गैर-जरूरी बयान से बचेगा। वैसे तुर्किये द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाना कोई पहला वाक्या नहीं है। तुर्किये पहले भी कई बार कश्मीर का राग अलाप चुका है। भारत ने हर बार तुर्की को इसी तरह जवाब दिया है।

आश्चर्य की बात यह है कि अमरीका की पूरे विश्व में अब कोई नहीं सुन रहा है। इजराइल ने भी अमेरिका को अनसुना करके हमास से युद्धविराम करने से साफ इंकार कर दिया। इसी तरह यूक्रेन युद्ध के मामले में अमरीका की नीति विफल साबित हुई। फ्रांस ने साफ कह दिया कि वह अमरीका का पिछलग्गू नहीं बनेगा। हालात यह है कि अमरीका अपना घर संभालने के बजाए दूसरे मुल्कों में टांड अड़ाने से बाज नहीं आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के प्रवक्ता जेम्स सिंगर ने एक बयान में कहा था कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प एक और 6 चाहते हैं। यह बयान ट्रंप के द्वारा शनिवार को दिए गए बयान के बाद आया है, जिसमें ट्रंप ने खून-खराबे का जिक्र किया था। इस बयान की निंदा करते हुए प्रवक्ता ने इस बात पर जोर दिया कि अमेरिका के नागरिक ट्रंप को इस नवंबर में एक और चुनावी शिकस्त देने जा रहे हैं क्योंकि वे उनके उग्रवाद, हिंसा के प्रति लगाव और बदला लेने की उनकी प्यास को लोग खारिज करते रहेंगे। डोनाल्ड ट्रंप ने उस वक्त बयान दिया, जब उन्होंने अमेरिका के बाहर बनी कारों पर 100 प्रतिशत टैरिफ का वादा किया। ओहियो के डेटन के पास एक रैली को संबोधित करते हुए, ट्रम्प ने कहा कि हम लाइन में आने वाली हर एक कार पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। अगर मैं नहीं चुना गया, तो देश में खून-खराबा होगा। अमरीका को यह समझना होगा कि बदली वैश्विक परिस्थितियों में भारत ग्लोबल साउथ का नेतृत्व कर रहा है। यही वजह है कि भारत इंडिया फर्स्ट की नीति के तहत विदेश नीति पर अमल कर रहा है। अमरीका की मजबूरी चीन के मामले मे भारत को साथ लेने की है। भारत में ही चीन का मुकाबला करने की काबलियत है। इसके अलावा अमरीका और भारत के व्यापारिक रिश्ते लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में घरेलू मामलों में अमरीका या किसी दूसरे पश्चिमी देशों की किसी तरह की टीका-टिप्पणी को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

## संपादकीय

# रमजान के महीने में भी गाजा में नरसंहार जारी, जरूरी है युद्ध विराम

रमजान के महीने में भी गाजा में नरसंहार जारी है। इस अमानवीय घटनाक्रम से चिंतित होकर अंततः संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने 25 मार्च को एक प्रस्ताव पारित करके गाजा में युद्ध विराम रोकने की मांग की है। प्रस्ताव में सभी बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा के युद्ध क्षेत्र में तत्काल राहत सामग्री भेजने का भी उल्लेख है। सात अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजराइल पर हमला किया था, उसके बाद से ही इजराइल बदले की कार्रवाई करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतार चुका है। इस छह महीनों के दौरान विश्व मंचों से युद्ध विराम की मांग की गई लेकिन यह पहला अवसर है जब सुरक्षा परिषद युद्ध विराम का प्रस्ताव पारित करने में सफल हो पाई। यह भी इसलिए संभव हो पाया कि अमेरिका मतदान से अनुपस्थित रहा। इससे पहले वह तीन बार युद्ध विराम के प्रस्ताव पर वीटो लगा चुका था। इजराइल अमेरिका के इस बदलते रुख से स्तब्ध है। उसने अमेरिका पर यह आरोप लगाया है कि उसने अपने सदाबहार मित्र का साथ छोड़ दिया है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने वार्ता के लिए अपने प्रतिनिधिमंडल को अमेरिका जाने पर रोक लगा दी है। इससे यह संकेत मिलता है कि अमेरिका और इजराइल के संबंधों में मतभेद की दीवार खड़ी हो गई है। हालांकि अमेरिका ने अपनी सफाई में कहा है कि हमास को लेकर हमारी नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है, और सुरक्षा परिषद का यह प्रस्ताव गैर-बाध्यकारी है। अमेरिका चाहे जो कहे, अब इसका कोई असर इजराइल पर नहीं पड़ने वाला है। वास्तव में अमेरिका फिलिस्तीन और इजराइल के बीच जारी युद्ध को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं बना पा रहा है। एक ओर वह हमास को तबाह करने के लिए इजराइल को सैनिक मदद मुहैया करा रहा है, और दूसरी ओर गाजा में हजारों नागरिकों के मारे जाने पर घड़ियाली आसूं भी बहा रहा है। इस समूचे घटनाक्रम का सबसे दुखद पहलू यह है कि हमास और इजराइल दोनों युद्ध विराम को लेकर अड़ियल रुख अपनाए हुए हैं। सुरक्षा परिषद द्वारा पारित युद्ध विराम का यह प्रस्ताव दोनों पक्षों ने खारिज कर दिया है। इजराइल इस प्रस्ताव को विभेदकारी बता रहा है, और हमास को यह भरोसा नहीं है कि इजराइल ईमानदारी से युद्ध विराम को लागू करेगा। इसमें संदेह नहीं है कि गाजा में जारी नरसंहार के कारण इजराइल दुनिया से अगल-थलग पड़ता जा रहा है। इसलिए युद्धरत दोनों पक्षों को अपना अड़ियल रवैया छोड़कर युद्ध विराम के लिए राजी हो जाना चाहिए।

# लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है

अजय कुमार



उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव-दर-चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ। यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है। दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाए तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाए रखने में कामयाब नहीं रही।

इसे भी पढ़ें: इस बार लोकसभा चुनाव में राजस्थान में खाली हाथ नहीं रहना चाहती कांग्रेस पार्टी

उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किए। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही। नेहरू-गांधी परिवार का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता होने के बाद भी पार्टी खोया दमखम नहीं जुटा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट पर ही जीत का स्वाद चख सकी थी। पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी तक हार गये। जबकि रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी अबकी बार सदन में जाने के लिये राज्यसभा सदस्य बन चुकी हैं। इस बार वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगी। ऐसे में कांग्रेस के सामने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाशने के साथ ही परंपरागत सीट अमेठी व रायबरेली में अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती से जूझ रही है। इससे निपटने के लिए पार्टी सपा से गठबंधन के तहत उसके हिस्से आईं 17 सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश मुख्यालय में वार रूम की स्थापना की गयी है और अमेठी व रायबरेली समेत 17 लोकसभा सीटों के 34 हजार बूथों पर एजेंट जुटाए जा रहे हैं। वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित के अनुसार, 17 लोकसभा क्षेत्रों में अब तक 18 हजार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं। शेष को भी जल्द नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा वार रूम के 10 डेस्क हेड भी बनाए गए हैं और सभी को आठ-आठ लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रकार सभी 80 लोकसभा सीटों पर बूथ स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। कुल मिलाकर यूपी से अपने नेताओं को संसद भेजने के लिये कांग्रेस को शून्य से सफर शुरू करना होगा और इसके लिये उसके सिर्फ 17 प्रत्याशी मैदान में होंगे। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने गठबंधन धर्म निभाते हुए यूपी में कांग्रेस को 80 में से 17 सीटें देने के लायक ही समझा है।

# मुद्दा : जन सरोकार व संघ का विस्तार

अवधेश कुमार

नागपुर में संपन्न राष्टीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिनिधि सभा के दौरान संपूर्ण भारत और भारत में अभिरु चि रखने वाले विश्व भर के मीडिया का एकत्रीकरण था। सामने लोक सभा चुनाव के कारण ऐसा लग रहा था कि वहां से इसके संबंध में कुछ रणनीति ऐसी बनेगी, ऐसा वक्तव्य आएगा जो समाचार, बहस और विचार की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होगा। लंबे अनुभव के बावजूद पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की धारणा बदली नहीं है कि चुनाव या राजनीतिक दल या सरकार को फोकस करके संघ के आयोजन नहीं होते। यह संभव नहीं कि चुनाव हो और इसमें संघ की अभिरु चि नहीं हो या उसमें उनकी कोई भूमिका हो ही नहीं। यह भूमिका किस रूप में हो सकती है? इस बारे में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का वक्तव्य ध्यातव्य है-चुनाव देश के लोकतंत्र का महापर्व हैं। संघ के स्वयंसेवक सौ प्रतिशत मतदान के लिए समाज में जन-जागरण करेंगे। समाज में इसके संदर्भ में कोई भी वैमनस्य, अलगाव, बिखराव या एकता के विपरीत कोई बात न हो, इसके प्रति समाज जागृत रहे। राजनीति और चुनाव को सर्वोपरि मान लेने वाले इस माहौल में सहसा विश्वास करना कठिन है कि देश का सबसे बड़ा स्वयंसेवकों का संगठन मतदाता जागरूकता या समाज में सौमन्स्य आदि की दृष्टि से ही चुनाव के दौरान काम करेगा। यह पत्रकारों और मीडिया संस्थानों की जिम्मेवारी है कि देखें कि ऐसा होता है या नहीं? ऐसे सभी संगठनों, जो सीधे दलीय चुनावी राजनीति में शामिल नहीं हैं, की यही यथेष्ट भूमिका हो सकती है। मतदान में किसी दल या उम्मीदवार को अवश्य सहयोग करिए लेकिन संगठन के रूप में चुनावी भूमिका नहीं होनी चाहिए। आप मतदाताओं के बीच जाएं, उन्हें मुद्दों के प्रति जागरूक करें, मतदान के लिए प्रेरित करें तथा इस बीच राजनीतिक दलों के परस्पर आक्रामक तीखे बयानों, आरोपों तथा समाज के अंदर मतदान के लिए वैमनस्य फैलाने वालों या तनाव और हिंसा पैदा करने वालों के असर को कम करने की कोशिश करें। संघ स्वयं को अगर समाज में एक संगठन की जगह समाज का संगठन मानता है तो उसके लिए कोई राजनीतिक दल दुश्मन नहीं हो सकता। हां, राजनीतिक दलों की नीतियां उसके विरुद्ध हैं यानी उसके अनुसार देश हित में नहीं हैं, तो तात्कालिक विरोध किया जा सकता है। प्रतिनिधि सभा ऐसी बैठक होती है जिसमें संघ के सभी शीर्ष पदाधिकारी, प्रांत स्तर के पदाधिकारी और 36 आनुषंगिक संगठनों के प्रमुख या प्रतिनिधि उपस्थित होते हैं। इस नाते 1500 वैसे प्रमुख प्रतिनिधियों की एक जगह उपस्थिति, विमर्श और निर्णय अत्यंत महत्त्व के होंगे। इसमें सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले का पुनर्निर्वाचन हुआ और वे 2027 तक पद पर रहेंगे। संघ पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले इसका खंडन करते हैं कि यहां चुनाव होता ही नहीं। चुनाव नियमित होते हैं किंतु ज्यादातर अन्य संगठनों या राजनीतिक दलों की तरह पदों की होड़ न होने के कारण नकारात्मक प्रतिस्पर्धा नहीं होती। प्रतिनिधि सभा से घोषित कार्यक्रमों में अहिल्याबाई होल्कर के जन्म के 300वें वर्ष में मई, 2024 से अप्रैल, 2025 तक जन्म वर्ष मनाया जाना है। कितने राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों और पत्रकारों को अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के महत्त्व का आभास है? कौन राष्ट्रीय संगठन समाज विशेषकर महिलाओं को प्रेरणा देने की दृष्टि से इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करेगा? इसके अलावा जो विषय वहां चर्चा में थे उनमें स्वयंसेवकों द्वारा वर्ष में किए गए मुख्य कार्य, श्रीराम मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का राष्ट्रीय जागरण की दृष्टि से प्रभाव, संदेशखालि की भयावह घटना और मणिपुर, पंजाब आदि शामिल थे। अगर होसबोले कहते हैं कि स्वतंत्र भारत में संदेशखालि जैसी घटनाएं झकझोर देने वाली हैं, दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए तथा इसमें सभी दलों को अपने राजनीतिक स्वाथरे को छोड़कर महिला सुरक्षा और समाज के इस विषय पर एक मत से ऐसी कार्रवाई करनी चाहिए कि भविष्य में ऐसा करने की कोई सोच भी नहीं सके तो इससे कौन असहमत हो सकता है? दुर्भाग्य से राजनीतिक, बौद्धिक एवं आंदोलनात्मक एक्टिविस्टों की दुनिया में इतना तीखा विभाजन है कि यह सोचकर कहीं भाजपा को इसका चुनावी लाभ न मिल जाए अनेक दल, संगठन, बुद्धिजीवी और पत्रकार इसे बड़ा मुद्दा बनाने से बचते हैं। ऐसे लोग संघ पर कोई टिप्पणी करेंगे तो समाज उसे स्वीकार नहीं कर सकता। स्वाभाविक है कि 2025 की विजयदशमी को संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं, तो उसकी चर्चा होगी और उसके अनुसार योजनाएं बनेंगी। हालांकि संघ यही कह रहा है कि उसे जब तक संसार है तब तक काम करते रहना है, उसमें अनेक 100 वर्ष आएंगे तो 100 वर्ष का कोई ऐसा विशेष महत्त्व नहीं है किंतु उसका ध्यान रखते हुए ज्यादा से ज्यादा शाखा और संपर्क विस्तार हो यही लक्ष्य सामने आ रहा है और उसकी पुष्टि प्रतिनिधि सभा में हुई।

# कृष्ण और राधा से है अटूट संबंध रंगपंचमी पर्व का

## रंग पंचमी पर्व पर विशेष

एच. डी. महंत




होली के पश्चात आने वाली पंचमी तिथि को रंगपंचमी के रुप में बहुत ही उल्लास के साथ मनाया जाता है।. रंग पंचमी को भी होली की ही भांति मनाया जाता है । मान्यताओं के अनुसार इस दिन देवता भी भक्तों के साथ होली खेलते हैं, इसलिए मंदिरों में इस दिन विशेष पूजा अर्चना तथा रंगों का पर्व मनाया जाता है. इस दिन भक्त धर्म स्थलों पर रंगों के साथ अपने इष्ट को रंग देते हैं तथा जीवन में सुख समृद्धि की कामना के लिए भगवान से प्रार्थना करते हैं. 'रंग' शब्द 'रंग' को दर्शाता है जबकि 'पंचमी' पांचवे दिन को संदर्भित करता है। और अब से देश भर में कुछ स्थानों पर रंग पंचमी पर होली भी खेली जाती है। रंगपंचमी पर्व हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, रंग पंचमी 'रज-तम' पर जीत का प्रतीक है। , जो आध्यात्मिक उन्नति में बाधाओं को दूर करने का दिन बनता है। यह मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र राज्यों और उत्तर भारत के कुछ क्षेत्रों में पूरे उत्साह के साथ जाता है. महाराष्ट्र में इसे शिमगो के रूप मे मनाया जाता है और पारंपरिक पालकी नृत्य की विशेषता है. यह मुख्य रूप से मछली पकड़ने वाले समुदाय के सदस्यों द्वारा मनाया जाता है और इसमें नृत्य, गायन और आनंद लेना शामिल होता है. वृंदावन और मथुरा के मंदिरों में, रंग पंचमी का उत्सव होली के उत्सव का समापन करता है.रंग पंचमी एक हिंदू त्योहार है। जो होली के त्योहार के ठीक पांच दिन बाद मनाया जाता है. यह हिंदू कैलेंडर के 'अनुसार चैत्र माह के दौरान कृष्ण पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है. इस दिन देश भर में इस पर्व पर भगवान के समक्ष रंग भेंट किए जाते हैं तथा होली की समाप्ति होती है. रंग पंचमी का उत्सव होली की तरह ही होता है, इस दिन को दोस्तों और परिवारों के साथ रंग खेलकर मनाया जाता है. इस दिन हिंदू भक्त भगवान कृष्ण और देवी राधा की भी पूजा करते हैं और अनुष्ठान किए जाते हैं। छत्तीसगढ़ र में इस दिन गाँव गाँव मे पकवान बनाये जाते है खूब धूम धाम से इसे बनाया जाता है इस पर्व को होली के पांचवे दिन बनाया जाता है। महाराष्ट्र में होली के बाद पंचमी के दिन रंग खेलने की परंपरा है। यह रंग सामान्य रूप से सूखा गुलाल होता है। विशेष भोजन बनाया जाता है जिसमे पूरनपोली अवश्य होती है। मछुआरों की बस्ती मे इस त्योहार का मतलब नाच, गाना और मस्ती होता है। ये मौसम रिशते (शादी) तय करने के लिये मुआफिक्र होता है, क्योंकि सारे मछुआरे इस त्योहार पर एक दूसरे के घरों को मिलने जाते है और काफी समय मस्ती मे व्यतीत करते हैं। राजस्थान में इस अवसर पर विशेष रूप से जैसलमेर के मंदिर महल में लोकनृत्यों में डूबा वातावरण देखते ही बनता है जब कि हवा में लाला नारंगी और फ़िरोज़ी रंग उड़ाए जाते हैं। मध्यप्रदेश के नगर इंदौर में इस दिन सड़कों पर रंग मिश्रित सुगंधित जल छिड़का जाता है। लगभग पूरे मालवा प्रदेश में होली पर जलूस निकालने की परंपरा है। जिसे गेर कहते हैं। जलूस में बैंड-बाजे-नाच-गाने सब शामिल होते हैं। नगर निगम के फ़ायर फ़ाइटरों के वॉटर (पानी) ट्रकों में रंगीन पानी भर कर जुलूस के तमाम रास्ते भर लोगों पर रंग डाला जाता है। जुलूस में हर धर्म के, हर राजनीतिक पार्टी के लोग शामिल होते हैं, प्राय: महापौर ही जुलूस का नेतृत्व करता है। प्राचीनकाल में जब होली का पर्व कई दिनों तक मनाया जाता था तब रंगपंचमी होली का अंतिम दिन होता था और उसके बाद कोई रंग नहीं खेलता था।रंग पंचमी एक खुशी का त्योहार है जो देश के सभी कोनों में मनाया जाता है. होली के ठीक बाद होने वाला, यह त्योहार भी होली की तरह ही रंगों, मस्ती और उल्लास के साथ मनाया जाता है. रंग पंचमी हिंदुओं के लिए अत्यधिक धार्मिक महत्व रखती है, किंवदंतियों के अनुसार यह माना जाता है कि होलिका दहन के दौरान अग्नि से वातावरण में मौजूद सभी रज-तम कणों का नाश होता है. यह अपने परिवेश में एक शुद्ध आभा प्रदान करता है और वातावरण को जबरदस्त सकारात्मकता से भर देता है इसलिए यह माना जाता है कि रंग पंचमी का त्योहार सभी रज-तम को मुक्त कर देता है.रंगपंचमी के विषय में कई सारी बातें मिलती हैं जिसके अनुसार इस पर्व की महत्ता को कई तरह से देखा जाता है. मान्यताओं के अनुसार कहा जाता है की इस दिन राधा जी ने श्री कृष्ण जी पर रंग डाला था इसलिए इस दिन को रंगपंचमी के रुप में मनाया जाता है।

# साइबर टीम की मदद से ओडिसा के 4 चोरो को गिरफ्तार कर वाहवाही लूट रही कोतवाली पुलिस

## किसान से लाखों रुपये की उठाईगीरी करने वाले सहित कई मामलों के आरोपियों से अनजान

**जांजगीर चांपा।** जाँजगीर के कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले बुलंद है। अपराधी क्राइम करके पुलिस को चुनौती दे रहें है और पुलिस है कि सिर्फ़ जाँच तक ही सिमट गई है। खोखरा स्थित माँ मनका दाई मंदिर में पकवाड़े भर पहले अज्ञात चोरो ने गर्भगृह में घुसकर माँ की प्रतिमा पर चढ़े आभूषण व दानपेटी सहित लाखों रुपए के सामानो की चोरी कर ली। हालांकि वारदात के बाद एसपी के निर्देश पर टीम गठित की गई और मामले की जाँच के लिए कोतवाली पुलिस सहित साइबर टीम की मदद ली, साइबर टीम ने कुछ मोबाईल लोकेशन मंदिर के आसपास पाकर सस्पेक्टेड मोबाईल नंबर को ट्रेस किया, जिसमे से कुछ नंबर ओड़िसा के मिले, पुलिस ने मोबाइल की तलाश मे ओड़िसा पहुची और चार संदेहियो को हिरासत मे लेकर पूछताछ की, जिसमे आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार किया। चोरो की गिरफ्तारी के बाद कोतवाली पुलिस ने जमकर वाहवाही लूटी, मगर दूसरी ओर कोतवाली क्षेत्र में लगातार अपराधों का




ग्राफबढ़ रहा है। वहीं कई गंभीर और कई अन्य मामलों में कोतवाली पुलिस हवा में हाथ -पाव मारकर कार्रवाई की औपचारिकता निभा रही है। बताते चलें कि बलौदा के बैंक से 2 लाख रूपये निकाल कर एक किसान अपनी स्कूटी की डिक्की में रखकर अपने घर जांजगीर आया था। जैसे ही किसान अपने घर के सामने स्कूटी बाहर खड़ा किया और किसान भूख प्यास के वजह से पैसे गाड़ी की डिक्की पर ही भूल गया। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश ने 2 लाख रूपये पर हाथ साफ कर दिया। इसके बाद पीड़ित किसान ने कोतवाली थाने में अज्ञात बदमाश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया हैं। क़रीब तीन महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस बदमाशों को नहीं खोज पाई है और पुलिस अधिकारी जाँच जारी होने की बात कहकर अपराधियों को जल्दी ही पकड़ लेने का दावा कर रहें है। वही इसके अलावा जिला मुख्यालय जांजगीर में ही एक और उठाईगिरी हो गई थी। जिसमें एचडीएफसी बैंक से 2 लाख रूपये लेकर ठेका कर्मी जैसे हीं बाहर निकला। नकाबपोश अज्ञात बदमाशों ने ठेकेदार के ठेकाकर्मी से 2 लख रुपए लेकर फरार हो गए। पुलिस ने बदमाश अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं, सुराग तक पता नहीं चला। देखना होगा कि कोतवाली पुलिस इन चुनौतियों को कैसे सुलझाती है और अज्ञात आरोपियों को कब तक गिरफ्तार कर पाती हैं।

● मामले मे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे है जल्द ही परिणाम सामने देखने को मिलेगा।
**प्रवीण द्विवेदी , सीटी कोतवाली थाना प्रभारी जांजगीर**

# भाजपा लोकसभा प्रबंधन समिति एवम कोर ग्रुप की बैठक में पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा



**जांजगीर चांपा।** लोकसभा प्रबंधन समिति सदस्यों की जांजगीर जिला कार्यालय में बैठक रखी गई, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवम गृहमंत्री विजय शर्मा का आगमन 31 मार्च को दोपहर 3 बजे जांजगीर स्थित हेलीपैड में हुआ, जहा भाजपा कार्यकर्ता ने उनका आत्मीय स्वागत कियाद्य तत्पश्चात भाजपा कार्यालय में लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिती की बैठक में पहुंचकर सर्वप्रथम भारतमाता एवम श्यामाप्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किएद्य प्रबंधन समिति के सदस्यो की उपस्थिती मे सभी को लोकसभा चुनाव में अपने कार्यों के द्वारा सशक्त भूमिका निभाने को कहा साथ ही जरूरी चर्चा की विजय शर्मा ने अलग अलग विभाग प्रमुख सदस्यों से एक एक कर बात की और उनको मिली जिम्मेदारी पर प्रकाश डालते हुए उनको कड़ाई से निर्वहन करने की बात कही और कार्यों पर विस्तार से चर्चा की द्य उक्त बैठक के पश्चात जांजगीर जिले की सभी विधानसभा प्रबंधन समिति के सदस्यो के साथ अलग अलग बैठक भाजपा कार्यालय मे देर रात तक कार्यकर्ताओं के साथ करते रहे ,उक्त महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ,लोकसभा संयोजक सक्ती जिलाध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, सहसंयोजक पूर्व विधायक खिलावन साहू ,सांसद प्रत्याशी श्रीमती कमलेश जांगड़े ,पूर्व सांसद कमला देवी पाटले ,सौरभ सिंह, गुरुपाल भल्ला ,गुलाब सिंह चंदेल, लीलाधर सुल्तानिया, गिरधर गुप्ता, कमला पाटले ,अंबेश जांगडे, संतोष लहरे, प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रदीप सराफ , जितेंद्र देवांगन, अमर सुल्तानिया ,नंदनी रजवाडे, संतोषी दुबे ,संगीता पांडे ,अनुराधा शुक्ला, मनोज मिश्रा ,अभिमन्यु राठौर, दिनेश सिंह, संतोष अग्रवाल ,विवेका गोपाल, नंद चौधरी, अरूण झाझडिया, पंकज अग्रवाल, धनंजय नामदेव मुकेश जायसवाल अमित यादव नवीन राठौर सुमित प्रताप सिंह पलाश चंदेल संजय रामचंद्र शिव चमन सिंह मणिकांत अग्रवाल मोहन यादव अमन प्रताप सिंह ध्वजाराम साहु खमहन तिवारी गणेश श्रीवास भुवनेश्वर साहु निरंजन कोसले अजित गढ़वाल लोकेश साहु संजय रामचंद्र रामनरेश यादव भुवन भास्कर यादव दिनेश सिंह कार्तिकेश्वर स्वर्णकार , कैलाश वसईवाल, ,विक्रम प्रताप सुदीप उपाध्याय प्रदीप सोनी रितेश अग्रवाल दिनेश राठौर सोनु यादव गजजु ध्रुव सहित लोकसभा प्रबन्धन समिति एवं विधानसभा प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

# जिपं सीईओ ने दिलाई मनरेगा श्रमिकों को मतदाता जागरूकता की शपथ



**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में रविवार को जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे के द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहे कार्य के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर श्रमिकों को शपथ दिलाई गई । इस दौरान उन्होंने कहा कि हम सबको मिलकर लोकतंत्र को मजबूत बनाना है। इस दौरान उन्होंने मतदान केंदो का निरीक्षण करते हुए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। जिपं सीईओ ने जनपद पंचायत बलौदा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बुड़गहन में चल रहे कार्य के दौरान मनरेगा के जॉबकार्ड धारी परिवार के कार्यरत श्रमिकों को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान की शपथ दिलाई। इसके अलावा पी एम आवास हितग्राहियों, स्व सहायता समूह की महिलाओं, ग्रामीणों को प्रेरित करते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान जनपद पंचायत बलौदा सीईओ आकाश सिंह सहित जिला,जनपद पंचायत स्तरीय अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव, रोज़गार सहायक व ग्रामवासियो शामिल रहे।

# धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में रामनवमीं की तैयारियां जोरों पर

## मंदिर परिसर में प्रज्ज्वलित किए जाएंगे ग्यारह सौ दीप

**जांजगीर-चांपा।** धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में श्रीराम जन्मोत्सव रामनवमी पर्व की तैयारियां जोरों से चल रही है। शबरीनारायण भगवान मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। श्री शबरीनारायण भगवान मंदिर के पुजारी पं. हरीश कुमार भोगहा ने बताया कि 17 अप्रैल को श्री शबरीनारायण भगवान मंदिर में श्री रामनवमी का महापर्व भक्तिमय वातावरण में मनाया जाएगा। मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव होगा। इसके बाद भगवान की महाआरती होगी और सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को श्री शबरीनारायण भगवान मंदिर परिसर में ग्यारह सौ दीप प्रज्ज्वलित किए



जाएंगे। रात्रि में आतिशबाजी, ढोल नगाड़े के साथ भगवान की महाआरती होगी। उन्होंने बताया कि भगवान श्री विष्णु के सातवें अवतार श्री रामचंद्र हैं। विष्णु का रामावतार जन्म चैत्र माह की नवमीं तिथि को दोपहर के समय पुनर्वस नक्षत्र में तथा कर्क लग्न में हुआ था। श्री राम के जन्म के समय सभी ग्रहों की स्थिति बहुत ही शुभ थी। भगवान श्री राम के जन्म लेने पर पूरे अयोध्यावासियों के साथ ही देवलोक के सभी देवी-देवताओं ने फूलों की वर्षा कर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए खुशियां मनाई थी। बताया जाता है कि गोस्वामी तुलसीदास ने श्री रामचरित मानस लिखने का श्री गणेश भी रामनवमीं से की थी। शबरीनारायण भगवान मंदिर, श्री राम जानकी मंदिर, राम मंदिर, श्री जगन्नाथ मठ मंदिर, श्री चौबीस अवतार केंवट समाज के श्रीराम जानकी मंदिर, लक्ष्मी नारायण मंदिर, मारवाड़ी समाज का हनुमान मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर सहित सभी मंदिरों में राम नवमीं की तैयारी की जा रही है। गुप्त जानकारी मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णो ने दी।

# शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न ग्रामों में लोगों को किया गया प्रेरित



**मुंगेली।** स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम खेढ़ा, चिरौंटी, बोधापारा, झाफल सहित विभिन्न ग्रामों में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया गया। ग्राम खेढ़ा में स्कूली बच्चों द्वारा मतदाता जनजागरण रैली निकाली गई। ग्राम चिरौंटी एवं पण्डरभट्ठा में पंचायत स्तरीय स्वीप समिति एवं महिला समूह के सदस्यों द्वारा रैली तथा गृहभेंट कर मतदान के लिए जागरूक किया गया। ग्राम झाफल में समूह की महिलाओं द्वारा मेंहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी तरह ग्राम बोधापारा में कृषि विभाग एवं बिहान की महिला समूह द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। बता दें कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत ''शत-प्रतिशत मतदान, जिले का अभिमान'' संदेश के साथ रंगोली, निबंध, चित्रकला, मेंहदी प्रतियोगिता, नुक्कड़-नाटक, बैनर-पोस्टर, दीवार लेखन, सेल्फी प्वाइंट आदि गतिविधियों के माध्यम से मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# 03 अवैध शराब ब्रिकी करने वाले को आबकारी एक्ट तहत बड़ी कार्यवाही



**बिलासपुर।** थाना कोनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम जलसों मे 01 महिला सहित कुल 03 अवैध शराब ब्रिकी करने वाले को आबकारी एक्ट तहत बड़ी कार्यवाही। तीन प्रकरण में आरोपीयो के कब्जे से कुल 81 लीटर महुआ शराब जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पेश। विवेक उर्फ राजा वर्मा पिता भगवत वर्मा उम्र 24 वर्ष मूलचंद वर्मा पिता स्व शिवप्रसाद वर्मा उम्र 38 वर्ष । प्रभा देवी वर्मा पति स्व सुशील वर्मा उम्र 37 वर्ष सभी निवासी ग्राम जलसों थाना कोनी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)। वरिष्ठ अधिकारियो के आदेश पर थाना कोनी द्वारा आज दिनांक 01.04.2024 को सुबह संयुक्त टीम बनाकर विशेष अभियान चलाकर ग्राम जलसों मे रेड कार्यवाही किया गया विवेक उर्फ राजा वर्मा के कब्जे से 26 लीटर, मूलचंद वर्मा के कब्जे से 30 लीटर एवं श्रीमति प्रभादेवी वर्मा के कब्जे से 25 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल 81 लीटर महुआ शराब कीमती 24300 रूपये को जप्त कर तीनो आरोपीगण के विरुद्ध आबकारी अधिनियम धारा- 34(2) के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोनी निरीक्षक गोपाल सतपथी, सउनि सुरेन्द्र तिवारी ,सउनि भरतलाल राठौर,सउनि संतोष पात्रे, आरक्षक संजय गोस्वामी, राकेश साहू, दुर्गेश यादव,विजेद्र सिह, महिला आरक्षक शारदा कतलम, उत्तरी भारती का सराहनीय योगदान रहा।

# पत्रकारों का जीवन चुनौतीपूर्ण है, बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है - राजाराम त्रिपाठी

■ अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले हुए सम्मानित.

**जांजगीर चांपा ।** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन का प्रादेशिक पत्रकार सम्मेलन एवं सम्मान समारोह रविवार को होटल अमित पार्क इंटरनेशनल भिलाई मे सम्पन्न हुआ. जिसमे प्रदेश भर के विभिन्न जिलों के पत्रकार शामिल हुए. लम्बे समय से पत्रकारिता मे संलग्न पत्रकारों का विशेष रूप से सम्मान किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव भाई शर्मा थे. अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने किया. विशेष अतिथि के रूप मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग अभिषेक झा एवं कल्याण महाविद्यालय के हिंदी विभाग अध्यक्ष डॉ सुधीर शर्मा उपस्थित थे. कार्यक्रम में अलग अलग क्षेत्रों में



उत्कृष्ठ कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया जिसमे कुलवंत सिंह सलूजा, शैलेश शर्मा, डॉ. मूलचन्द गुप्ता, विक्रम तिवारी, विवेक शर्मा, गौरव गुप्ता, रामखिलावन यादव, अशोक अग्रवाल, चेतन साहू, श्रीमती रेखा गुप्ता, श्रीमती रूपा कुर्रे, श्रीमती वर्षा मोटे सहित अन्य प्रतिभाशालियों को भी सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों के नेतृत्व मे यह आयोजन सम्पन्न हुआ. जिसमे कुलपति बलदेव भाई शर्मा ने सभी पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पत्रकार का जीवन चुनौतीपूर्ण रहता है. छत्तीसगढ़ मे कई दुर्गम इलाके मे पत्रकार रहते हैं कई बार उनके जीवन मे संकट आ जाता है. पत्रकार को आम आदमी की आवाज़ बने रहना चाहिए. ज़ब आदमी बहुत परेशान हो जाता है, शासन प्रशासन ध्यान नही देता है तब पत्रकार के जरिये ही जनता की आवाज पहुंचाई जा सकती है. जनता की हिम्मत पत्रकार बनते हैं इस ताकत को सभी पत्रकारों को बनाये रखना हैं. जनता के बीच चौथा स्तम्भ के रूप मे पत्रकारों को सम्मानित किया जाता है, यह विश्वास और सम्मान बरकरार रखना है. सभी पत्रकार अपने अपने इलाकों मे विभिन्न समस्याओं से जूझते हैं ऐसा अवसर कभी कभार मिलता हैं ज़ब सभी एक साथ इकठ्ठा हों, इस हिसाब से यह सम्मेलन महत्वपूर्ण आयोजन है. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भारत को अपने किसानी प्रतिभा के बल पर अंतराष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने वाले अखिल भारतीय किसान महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ राजाराम त्रिपाठी ने कहा की उन्होंने सबसे पहले शुरुआत पत्रकारिता से ही की थी।

# स्वीप टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिताः दूसरे दिन जिला प्रशासन और पत्रकार इलेवन टीम रहे विजेता

- पहले मैच में जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य विभाग और दूसरे मैच में पत्रकार इलेवन ने जिला न्यायालय को दी मात
- मतदाता जागरूकता क्विज का सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को किया गया पुरुस्कृत



**मुंगेली।** लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने के लिए आयोजित स्वीप टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत दूसरे दिन के मैच में जिला प्रशासन और पत्रकार इलेवन के टीम विजेता रहे। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रथम मैच जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग के बीच खेला गया। वहीं दूसरा मैच पत्रकार इलेवन और जिला न्यायालय के बीच खेला गया। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायधीश चंद्रकुमार अजगल्ले ने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि सशक्त और मजबूत लोकतंत्र निर्माण के लिए प्रत्येक मतदाताओं का मतदान जरूरी है। उन्होंने जिले के नागरिकों से लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागिता निभाते हुए 07 मई को चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राहुल देव ने कहा कि इस प्रतियोगिता के जरिए ''शत-प्रतिशत मतदान, जिले का अभिमान'' का संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है और 07 मई को होने वाले लोकसभा निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान स्वीप जागरूकता संबंधी क्विज भी पूछा गया। साथ ही सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर का हस्ताक्षर वाला टेनिस बॉल और डायरी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**आज इन टीमों के बीच खेला जाएगा मैच-**स्वीप टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत आज तीसरे दिन भी दो मैच का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रथम मैच पुलिस प्रशासन विरुद्ध नगरीय प्रशासन एवं द्वितीय मैच चेंबर ऑफ कॉमर्स विरुद्ध जिला पंचायत का होगा। प्रतियोगिता का लाइव प्रसारण यूट्यूब के लिंक https://youtube.com/@SeniorsportsOfficer?si=D&bk_-{T}cztTMTV के माध्यम से भी देखा जा सकता है।

## शिव बारात बाजे- गाजे, नृत्य समूह, आकर्षक झांकी रथ में सवार भगवान शिव व माता पार्वती के साथ धुमधाम से निकाली गई

# धुमधाम से निकाली गई भव्य त्रिशूल यात्रा एवं शिव बारात





**जांजगीर चांपा।** आयोजन समिति जांजगीर-चांपा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रंगपंचमी के पावन पर्व पर पिसौद के साहू धर्मशाला से बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर पीथमपुर तक भव्य त्रिशूल यात्रा एवं शिव बारात बाजे- गाजे, नृत्य समूह, आकर्षक झांकी रथ में सवार भगवान शिव व माता पार्वती के साथ धुमधाम से निकाली गई। कार्यक्रम में शामिल हुए भक्तों के लिए साहू धर्मशाला पिसौद में भोजन प्रसाद की व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा रखी गई थी। रथ में सवार आकर्षक झांकी भगवान शिव शंकर व माता पार्वती की पुजा अर्चना कर ओंकार सिंह गहलौत, संतोष यदु, दिलीप साहू, विन्धेश राठौर, नरेन्द्र राजपूत, भीखम यदु, चंदन धीवर द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। साहू धर्मशाला पिसौद से भव्य त्रिशूल यात्रा एवं शिव बारात मोंगरा चौंक होते हुए पीथमपुर बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर पहुंची। जहां गांव के भक्तों ने हर गली- मोहल्ले, चौंक- चौराहे पर रथ में सवार भगवान शिव व माता पार्वती की पुजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये। बाबा कलेश्वर नाथ मंदिर में आयोजन समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पुजा अर्चना कर त्रिशूल चढ़ाया, जहां प्रदेश वासियों एवं जिले वासियों के सुख शांति के लिए मंगलकामना की गई। भव्य त्रिशूल यात्रा एवं शिव बारात में मुख्य रूप से आयोजन समिति के संस्थापक ओंकार सिंह गहलौत, विशेष आमंत्रित अतिथि संतोष, भीखम यदु, खेलन यादव, विन्धेश राठौर, दिलीप साहू, नरेंद्र राजपूत, शिव, देव नारायण साहू, बाबूलाल यादव, संतोष बरेठ, चंदन धीवर, सोनू धीवर, देवेन्द्र धीवर, दुजराम धीवर, मितेश केशरवानी, पप्पू धीवर, हरिश यादव, धीरज यादव, श्रीमती रूखमणी साहू, लक्ष्मी महंत, सविता धीवर सहित सैकड़ों की संख्या में भक्त गण ऐतिहासिक कार्यक्रम के साक्षी बने उपस्थित थे। भक्तों ने कार्यक्रम की भुरी- भुरी प्रशंसा की तथा रथ में सवार भगवान शिव व माता पार्वती के साथ सेल्फी लेते आशीर्वाद प्राप्त किये। दिलीप साहू व चंदन धीवर ने सभी भक्तों का आभार व धन्यवाद ब्यक्त किया।

# मडवा वितरण केंद्र में पदस्थ लाइन मैन को दिया गया भावविहीन विदाई



**जांजगीर चांपा।** जगदीश कौशिक को दी भावविहीन विदाई मडवा वितरण केंद्र में पदस्थ लाइनमैन जगदीश कौशिक 31 मार्च को विद्युत कंपनी से सेवानिवृत हो गए मडवा वितरण केंद्र के कर्मचारियों द्वारा विदाई समारोह का कार्यक्रम रखा गया द्य डिवीजन के सहायक यंत्री नेताम साहब जागड़े साहब मडवा के कनिष्ठ यंत्री कंवर मैडम पुष्पांजलि मैडम श्वेता मैडम भुवन झालरिया पुनीराम कपिल देवेंद्र राठौर हीरेन कश्यप और मड़वा वितरण केंद्र के सभी स्टाफ उपस्थित रहे साथ ही महासंघ के रीजन के महामंत्री प्रमोद कुर्रे जी भी उपस्थित रहे कंपनी की ओर से प्रमाण पत्र घड़ी साल आदि प्रदान किया गया और साथी कर्मचारियों के द्वारा पुष्प हार और अनेक प्रकार का गिफ्ट भी दिया गया और डी जे गाजे बाजे के साथ निज निवास कोसमंदा तक कौशिक जी को छोड़ा गया और कर्मचारियों के द्वारा उनके उज्ज्वल भविष्य का कामना भी किया गया।

चाय-समोसे के लिए डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल के रेट कार्ड तय

# चाय पर बालाघाट में 5 रुपए और चेन्नई में 15 खर्च कर सकेंगे उम्मीदवार

नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 (1) के तहत उम्मीदवारों को नामांकन की तारीख से लेकर रिजल्ट आने तक चुनाव में किए गए खर्च का हिसाब-किताब रखना होता है।

18वीं लोकसभा के लिए 7 फेज में 19 अप्रैल से वोटिंग होनी है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी राज्यों में डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल चुनावी खर्चों पर निगरानी के मद्देनजर खर्चों की दरें तय कर रहे हैं। इसमें सबसे मजेदार पहलू समोसे और चाय पर होने वाला खर्च है।

अलग-अलग राज्यों में मेनू की कीमतें अलग हैं, लेकिन किसी भी डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल ने शराब का जिक्र नहीं किया है। जबकि पार्टियां और उम्मीदवार अक्सर कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को शराब की पेशकश करती हैं। पंजाब के जालंधर में उम्मीदवार एक कप चाय पर 15 रुपए खर्च कर सकेगा, जबकि मध्य प्रदेश के मंडला में इसी एक कप चाय के लिए 7 रुपए तय किए गए हैं। इसके अलावा समोसे के लिए 7.50 रुपए रेट तय किया गया है। आंध्रप्रदेश समेत कई राज्यों में लोकसभा उम्मीदवार के लिए खर्च की सीमा 95 लाख निर्धारित है। जबकि अरुणाचल प्रदेश, गोवा और सिक्किम में 75 लाख रुपए लिमिट रखी गई है। केंद्र शासित प्रदेशों में खर्च की सीमा प्रति उम्मीदवार 75 लाख से 95 लाख रुपए तक है।

### जानिए कहां कितना रेट तय...

पंजाब - यहां जालंधर में छोले भटूरे की कीमत 40 रुपए तय की गई है, जबकि मटन और चिकन की कीमत 250 और 500 रुपए प्रति किलो है। ढोढ़ा (450 रुपए प्रति किलो) और घी पिन्नी (300 रुपए प्रति किलो) जैसी मिठाइयां भी मेनू में हैं। लस्सी और नींबू पानी की खर्च लिमिट 20 और 15 रुपए प्रति गिलास तय की है।

मध्य प्रदेश- यहां बालाघाट के रेट कार्ड में चाय की कीमत 5 रुपए है, लेकिन समोसे की कीमत 10 रुपए से ज्यादा है। बालाघाट रेट कार्ड में इडली, सांभर वड़ा और पोहा-जलेबी की कीमत भी 20 रुपए है। डोसा और उपमा की कीमत 30 रुपए तय की गई है। वहीं मंडला में चाय की कीमत 7 रुपए रखी गई है।



राजस्थान- झुंझनु में एक समोसा और चाय के 15 रुपए की रेट फिक्स किया गया है। कॉफी के 10, दूध का गिलास 20 रुपए, जलेबी 150 रुपए प्रति किलो, नमकीन 180 रुपए किलो, पोहा 10 रुपए प्रति प्लेट, गुलाब जामुन 190 रुपए किलो, रस गुल्ला 200 रुपए किलो के हिसाब प्रत्याशियों के लिए रेट तय हुआ है। प? पूरी खबर...

उत्तर प्रदेश- यहां गोरखपुर में प्रत्याशी 500 में नगा?ा और 4500 में फार्च्यूनर बुला सकेंगे। अगर प्रचार में नगाड़ा बजा तो 500 रुपए और घोड़े से प्रचार में उतरे तो 1100 रुपए ही खर्च कर सकेंगे। वहीं, चाय और 1 समोसा के लिए रकम 15 से बढ़ाकर 18 रुपए, पूड़ी-सब्जी और अचार के पैकेट के लिए कीमत 50 से बढ़ाकर 60 रुपए की गई है। प? पूरी खबर...

हरियाणा- यहां जींद में रेट कार्ड में उम्मीदवारों को 300 रुपये में तंदूर किराए पर लेने की पेशकश की गई है। इसमें दाल मखनी और मिक्स वेज जैसे पकवान 130 रुपए और मटर पनीर की कीमत 160 रुपए रखी गई है। मेनू में बटर नान, मिस्सी रोटी और सादी रोटी जैसी ब्रेड भी हैं।

### पोल पैनल्स ने गेंदा-गुलाब के रेट भी तय किए

कई राज्यों के डिस्ट्रिक्ट पोल पैनल्स ने रेट कार्ड में जिन अन्य मदों का उल्लेख किया है, उनमें हेलीपैड, लक्जरी गा?ियां, फार्महाउस से लेकर फूल, कूलर, टावर एसी और सोफा जैसी चीजें शामिल हैं। प्रचार के लिए टाटा सफारी या स्कॉर्पियो से लेकर होंडा सिटी या सियाज या जनता को रैली मैदान तक ले जाने के लिए बस तक गा?ियां किराए पर लेने की दरों की सीमा भी निर्धारित की गई है। कुछ चुनाव पैनलों ने गुलाब की माला, गेंदा की माला और गुलदस्ते के लिए भी रेट तय किए गए हैं। कुछ में टोपी और झंडे को भी शामिल किया गया है। जगह और घर किराए पर लेने के लिए भी लिस्ट दी गई है। इस खर्च में बैठकों, रैलियों, विज्ञापनों, होर्डिंग्स, पैम्फलेट, फ्लेक्स, प्रचार सामग्री और अन्य सभी चुनाव-संबंधी कार्यों का खर्च शामिल हैं।

### खोलना होगा अलग बैंक अकाउंट

लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान एक अलग बैंक अकाउंट खोलने के लिए भी कहा गया है। इस अकाउंट के जरिए चुनाव में खर्च की पूरी जानकारी देनी होगी। चुनाव आयोग सभी प्रत्याशियों को व्यय रजिस्टर भी उपलब्ध कराता है। इसमें चुनाव के दौरान प्रचार-प्रसार, खाना, गा?ी, प्रचार वाहन, सभा में होने वाला खर्च दर्ज करना प?ता है। चुनाव संपन्न होने के बाद व्यय रजिस्टर को ट्रेजरी ऑफिस में जमा करना होता है। अगर प्रत्याशी ऐसा नहीं करता तो उसकी जमानत राशि जब्त कर ली जाती है।

---

कांग्रेस ने राजस्थान में उम्मीदवारों की छठी लिस्ट जारी

## भीलवाड़ा से सीपी जोशी को उतारा, दामोदर गुर्जर को राजसमंद किया शिफ्ट

जयपुर कांग्रेस ने राजस्थान के लिए लोकसभा उम्मीदवारों की छठी लिस्ट जारी कर दी है। कांग्रेस ने भीलवाड़ा से टिकट बदलते हुए अब पूर्व विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को उम्मीदवार बनाया है। भीलवाड़ा से पहले के उम्मीदवार दामोदर गुर्जर को राजसमंद शिफ्ट किया है। दो दिन पहले ही राजसमंद से कांग्रेस उम्मीदवार सुदर्शन सिंह रावत ने टिकट लौटा दिया था। कांग्रेस ने इंडिया के तहत सीकर सीट और नागौर सीट आरएलपी के लिए छो?ी है।

कांग्रेस ने इस बार एक भी सीट पर ब्राह्मण चेहरे को उम्मीदवार नहीं बनाया था। इसे लेकर ब्राह्मण संगठनों और कांग्रेस के ब्राह्मण नेताओं ने नाराजगी जताई थी। कांग्रेस हाईकमान तक यह मामला पहुंचा था। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने इस मामले में डैमेज कंट्रोल करने का फॉर्मूला सुझाया, जिसके तहत सीपी जोशी को चुनाव लड़वाने का सुझाव दिया था। सीपी जोशी जैसे वरिष्ठ नेता को टिकट देने से ब्राह्मण समाज में बने नरेटिव बदलने और डैमेज ?कंट्रोल का प्रयास किया है।

### सीपी जोशी तैयार नहीं थे, वरिष्ठ नेताओं के समझाने पर चुनाव लड़ने को तैयार हुए

दरअसल, सीपी जोशी पहले चुनाव लड़ने को तैयार नहीं थे। सुदर्शन सिंह रावत के टिकट वापस करने



और एक भी ब्राह्मण चेहरे को टिकट नहीं देने से गलत मैसेज जाता देख कांग्रेस ने रणनीति बदली। सीपी जोशी का नाम तो सबने सुझा दिया, लेकिन उन्हें चुनाव लड़ने के लिए मनाना भी जरूरी था। इसके लिए पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया। इसमें दिल्ली से भी कुछ वरिष्ठ नेताओं ने सीपी जोशी को मनाने का प्रयास किया। इसके बाद सीपी जोशी को टिकट देने का प्रस्ताव हाईकमान को भेजा गया है। राजसमंद से पिछली बार भी गुर्जर को टिकट दिया था पार्टी ने भीलवाड़ा से कांग्रेस उम्मीदवार दामोदर गुर्जर को राजसमंद से टिकट देने का प्रस्ताव दिया था। कांग्रेस के रणनीतिकारों ने इसके पीछे तर्क दिया है कि दामोदर गुर्जर की उम्मीदवारी छीनकर उन्हें दूसरी जगह से टिकट नहीं दिया तो गुर्जर वोटर्स नाराज हो सकते हैं। कोई नाराज नहीं हो इसीलिए शिफ्टिंग फॉर्मूले के तहत दामोदर गुर्जर को भीलवाड़ा की जगह राजसमंद से लड़ाने का प्रस्ताव दिया था। इससे गुर्जर वोटर्स भी नाराज नहीं होंगे। राजसमंद से पिछली बार कांग्रेस ने गुर्जर नेता देवकीनंदन काका को टिकट दिया था।

---

## नौ साल में आधी हुई पूर्व सीएम की संपत्ति; 25 हजार की बंदूक, एक लाख की गाय भी है मांझी के पास

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने गया लोकसभा सीट से नामांकन किया है। मांझी ने अपने शपथ पत्र में कुल 30.20 लाख रुपये की संपत्ति बताई है। हालांकि, बीते नौ साल में उनकी संपत्ति आधी रह गई है। पहले चरण के नामांकन के लिए 28 मार्च अंतिम तारीख रही। 40 लोकसभा सीटों वाले बिहार में पहले चरण में चार सीटों पर मतदान होना है। ये सीटें नवादा, जमुई, गया और औरंगाबाद हैं। इन चार सीटों के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन कर दिया। बिहार की चर्चित सीट गया से एनडीए के उम्मीदवार जीतन राम मांझी ने पर्चा भरा है। हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने अपने चुनावी हलफनामे में कई रोचक जानकारियां दी हैं। मांझी मई 2014 से फरवरी 2015 के बीच करीब नौ महीने तक बिहार के मुख्यमंत्री रहे हैं।



हालांकि,मांझी के पास अपना कोई घर नहीं है और वह पैतृक घर में रहते हैं। इसके अलावा बीते पांच साल में उनकी संपत्ति भी घटी है। आइये जानते हैं इस शपथ पत्र में और क्या खास है...

### घट गई संपत्ति

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने अपने शपथ पत्र में कुल 30.20 लाख रुपये की संपत्ति बताई है। 2019 के चुनाव में उन्होंने कुल 35.94 लाख रुपये की कुल संपत्ति बताई थी। 2015 के बिहार विधानसभा चुनाव में हम नेता के पास कुल 61.70 लाख रुपये की संपत्ति थी। इस तरह से बीते नौ साल में उनकी संपत्ति घटकर आधी रह गई है।

### हम नेता की सालाना कमाई

कमाई की बात करें तो 2019-20 में हम नेता की कुल कमाई 3.90 लाख रुपये थी। अगले वित्त वर्ष में उनकी कमाई में इजाफा हुआ। 2020-21 में ये बढ़कर 4.80 लाख रुपये हो गई। 2021-22 में जीतन राम मांझी मांझी की कमाई में काफी इजाफा हुआ और ये 15.80 लाख रुपये हो गई। वहीं, 2022-23 में हम नेता की कमाई में कमी हुई और ये घटकर 4.80 लाख रुपये हो गई। 2023-24 में इसमें मामूली बढ़ोतरी हुई और ये 4.87 लाख रुपये हो गई।

### नकदी एक लाख भी नहीं

शपथ पत्र में जीतन राम मांझी ने बताया है कि इस समय उनके पास महज 49,000 रुपये नकदी के रूप में हैं। उनकी पत्नी के पास 45,000 रुपये नकद हैं। मांझी के चार बैंक खातों में 4.58 लाख रुपये जमा हैं। वहीं, शांति देवी के एक बैंक खाते में 38,810 रुपये जमा हैं।

### दो कारों के मालिक

हलफनामे के मुताबिक, पूर्व मुख्यमंत्री के नाम पर दो गाड़ियां हैं। जीतन राम मांझी मांझी के पास 50 हजार रुपये की अंबेसडर कार और चार लाख रुपये की महिंद्रा स्कॉर्पियो कार है।

### गाय पालते हैं पूर्व सीएम

शांति देवी के पास 150 ग्राम सोना है, जिसकी कीमत 3.78 लाख रुपये है। वहीं, उनके पास 76,500 रुपये मूल्य की 1,000 ग्राम चांदी है। जीतन राम मांझी अपने पास 25,000 रुपये की डीबीबीएल बंदूक रखते हैं। उन्होंने हलफनामे में 50,000 रुपये की एक एसी की जानकारी दी है। इसके अलावा मांझी दो गाय पालते हैं, जिनकी कीमत एक लाख रुपये है। इस तरह से पूर्व सीएम ने हलफनामे में कुल 16.70 लाख रुपये की चल संपत्ति बताई है। इसमें से खुद जीतन राम मांझी की 11.32 लाख रुपये और पत्नी शांति देवी की 5.38 लाख रुपये की चल संपत्ति है।

### केवल एक पुस्तैनी घर

जीतन राम मांझी ने बताया है कि गया जिले के खीजरसराय प्रखंड के महकार गांव में उनका एक पैतृक घर है। मांझी ने इस घर का मौजूदा बाजार मूल्य 13.50 लाख रुपये बताया है।

---

## हरदीप सिंह पुरी का केजरीवाल की पत्नी पर निशाना, मैडम सीएम पद संभालने की तैयारी कर रही हैं

**नई दिल्ली-** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी की तुलना बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से की। पुरी ने कहा कि मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल संभवत- अपने पति की जगह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्री पुरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की दिल्ली इकाई के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर सुनीता केजरीवाल का जिक्र आने पर संवाददाताओं से कहा, ''आप जिन मैडम की बात कर रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद पर बैठने की तैयारी कर रही हैं। इससे पहले सुनीता केजरीवाल ने आज एक वॉट्सऐप अभियान शुरू किया और लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत में हैं। केजरीवाल को ईडी ने धनशोधन मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था और बृहस्पतिवार को एक अदालत ने ईडी की उनकी हिरासत एक अप्रैल तक बढ़ा दी।

---

## कर्नाटक सीएम के बेटे ने कहा- शाह का क्रिमिनल बैकग्राउंड, हत्या का आरोप, लेकिन वे ऊंचे पद पर भाजपा बोली- यतींद्र टिकट नहीं मिलने से नाराज

बेंगलुरु कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की है। इस पर विवाद हो गया है। न्यूज एजेंसी हृढ्ढ के मुताबिक कांग्रेस नेता यतींद्र सिद्धारमैया ने गुरुवार 28 मार्च को अमित शाह को गुंडा और दबंग बताया। यतींद्र ने ये भी कहा कि शाह पर गुजरात में हत्या के आरोप हैं। उनका क्रिमिनल बैकग्राउंड रहा है, लेकिन अभी वह देश में ऊंचे पद पर बैठे हुए हैं। भाजपा सांसद एस मुनिस्वामी ने यतींद्र के बयान पर कहा कि वह निराश हैं, क्योंकि उन्हें लोकसभा चुनाव के लिए मैसूर से टिकट नहीं दिया गया। सिद्धारमैया ने यतींद्र को मैसूर से टिकट देने का वादा किया था, लेकिन उन्होंने टिकट नहीं दिया। यही



कारण है कि वह इस तरह की बयानबाजी कर रहे है। फिलहाल वह (यतींद्र) अभी एक छोटा बच्चा है। उसे राजनीति में कोई अनुभव नहीं है। ये लोग भाजपा के खिलाफ जितनी बात करेंगे, भाजपा और उसका नेतृत्व उतना ही मजबूत होगा। भाजपा नेता एन. रविकुमार ने कहा कि हम यतींद्र के खिलाफ चुनाव आयोग और पुलिस में शिकायत दर्ज कराएंगे। यतींद्र सिद्धारमैया ने गृह मंत्री अमित शाह के लिए बहुत गलत शब्दों का इस्तेमाल किया है। यदि वह (सिद्धारमैया) एक निष्पक्ष और संतुलित सरकार चला रहे हैं तो अपने बेटे के खिलाफ कार्रवाई करें।

---

## लोकसभा चुनाव: 'महाराज' को मिला पत्नी का साथ, पति ज्योतिरादित्य सिंधिया के लिए वोट मांगेंगी प्रियदर्शनी

**शिवपुरी:** गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं। वहीं, दूसरी ओर अब उनकी पत्नी प्रियदर्शनी राजे भी जनता के बीच जाकर अपने पति के लिए वोट मांगेंगी। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राज्य का तीन दिवसीय कार्यक्रम तय हो गया है जिसमें वह विभिन्न स्थानों पर आयोजित मातृशक्ति कार्यक्रम के दौरान अपने पति के लिए जनाधार ब?ाने का काम करेंगीं। उनका चुनाव प्रचार अभियान 1 अप्रैल से शुरू होगा।

बताया जा रहा है कि ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राज्य एक अप्रैल को ग्वालियर से शिवपुरी जिले के ग्रामीण इलाकों में से एक खो? में मातृशक्ति कार्यक्रम में भाग लेंगी। यहां पर महिलाओं के बीच सीधा संवाद कार्यक्रम रखा गया है। खो? में आयोजित होने वाले इस संवाद कार्यक्रम को लेकर सिंधिया समर्थक नेताओं ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोर्चा संभाल लिया है। खो? में



होने वाले मातृशक्ति कार्यक्रम के लिए शिवपुरी नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा सहित अन्य नेताओं की ड्यूटी यहां लगाई गई है जिससे इस कार्यक्रम में ब?ी संख्या में महिला पहुंचे।

### बीजेपी के लिए मांगेंगी वोट

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजे ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान भी अपने पति के लिए वोट मांगे थे। उस समय भी विभिन्न स्थानों पर आमसभा में और जनता के बीच संवाद कार्यक्रमों में भाग लिया था। वर्ष 2019 में ज्योतिरादित्य को कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया था लेकिन उस हार के बाद हुए दलबदल के कारण अब राजनीतिक पार्टियां भी बदली हैं और अब प्रियदर्शनी राजे कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि भाजपा के लिए वोट मांगती नजर आएंगी। पूर्व के प्रचार में प्रियदर्शनी राजे ने इस संसदीय क्षेत्र में अपने पति द्वारा किए गए विकास कार्यों का उल्लेख अपनी सभाओं और जनसंपर्क कार्यक्रम के दौरान किया था। इसके अलावा शिवपुरी शहर में उन्होंने एक रोड शो भी निकाला था।

### संसदीय क्षेत्र में कई मातृशक्ति कार्यक्रम

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की पत्नी प्रियदर्शनी राजी सिंधिया एक अप्रैल से 3 अप्रैल तक गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में रहेंगीं। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर मातृशक्ति कार्यक्रम रखे गए हैं जिनमें महिलाओं से संवाद करेंगे व मुलाकात कार्यक्रम होंगे। 1 अप्रैल को शिवपुरी के खो?, पिछोर चंदेरी में यह सम्मेलन रखे गए हैं। इसके बाद 2 अप्रैल को मुंगावली और अशोकनगर में मातृशक्ति कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। इसके बाद 3 अप्रैल को गुना के म्याना और बदरवास में कार्यक्रम होगा।

---

## प्रदेश में शुरू होंगे केन्द्रीय-नेताओं के दौरे, शाह करेंगे आगाज़:पीएम मोदी की कोटपूतली में होगी सभा, सीकर में शाह करेंगे रोड शो

जयपुर लोकसभा चुनावों को देखते हुए प्रदेश में केन्द्रीय नेताओं के दौरे शुरू होंगे। इसका आगाज़ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। जानकारी के मुताबिक अमित शाह का दो दिवसीय दौरा फाइनल कर लिया गया हैं। अमित शाह 31 मार्च और 1 अप्रेल को राजस्थान के दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे की शुरुआत जयपुर से होगी। अमित शाह 31 मार्च को दोपहर बाद जयपुर पहुंचेंगे। यहां वे दोपहर 2 बजे होटल ललित में सात लोकसभा क्षेत्रों की कोर कमेटियों की बैठक लेंगे। इन कोर कमेटियों में जयपुर, धौलपुर, नागौर, दौसा, चुरू, झुंझुनूं, और करौली लोकसभा क्षेत्र शामिल हैं। इसके बाद अमित शाह शाम 4 बजे सीकर में रोड शो करेंगे। यहां पर उनकी सभा भी प्रस्तावित हैं। वहीं अगले दिन उनका चुरू लोकसभा का कार्यक्रम बन सकता हैं। हालांकि अभी तक कार्यक्रम की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई हैं।



### शाह के बाद पीएम मोदी की होगी सभा

अमित शाह के दौरे के तुरंत बाद 2 अप्रेल को जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट पर कोटपूतली में पीएम मोदी की जनसभा आयोजित होगी। कोटपूतली के एलबीएस कॉलेज में पीएम मोदी की सभा प्रस्तावित हैं। पीएम मोदी की सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश बीजेपी ने पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की मोदी की सभा के लिए जिम्मेदारी तय कर दी हैं।

लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र पीएम मोदी की राजस्थान में यह पहली जनसभा होगी। इससे पहले विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र पीएम मोदी ने राजस्थान में कई जनसभाओं को संबोधित किया था। उनकी अंतिम जनसभा राजस्थान में 23 नवम्बर 2023 को चुनाव प्रचार के आखिरी दिन राजसमंद के देवगढ़ में हुई थी। इस साल जब पीएम मोदी पहली बार जयपुर आए थे, तो उन्होंने बीजेपी कार्यालय में मंत्री-विधायकों और पदाधिकारियों के साथ डिनर किया था।

इस साल जब पीएम मोदी पहली बार जयपुर आए थे, तो उन्होंने बीजेपी कार्यालय में मंत्री-विधायकों और पदाधिकारियों के साथ डिनर किया था।

### इस साल तीसरी बार राजस्थान आ रहे मोदी

साल 2024 में पीएम मोदी तीसरी बार राजस्थान आ रहे है। सबसे पहले वे साल की शुरुआत में ही 5 से 7 जनवरी तक जयपुर में आयोजित हुई डीजी-आईजी कांफ्रेंस में भाग लेने के लिए जयपुर पहुंचे थे।

---

## क्या बीजेपी से नाराज हैं रामदास अठावले? फडणवीस से मुलाकात कर की ये शिकायत



नेशनल डेस्क- केंद्रीय मंत्री रामदास अठावलेने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की और आगामी लोकसभा चुनाव में सीट बंटवारे की बातचीत में उनकी पार्टी को नजरअंदाज किए जाने की शिकायत की। अठावले ने बताया कि उनकी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) को राज्य में एक भी लोकसभा सीट आवंटित नहीं की गई है। उन्होंने कहा मैंने उपमुख्यमंत्री को बता दिया है कि मैं शिरडी से लोकसभा का चुनाव लड़ना चाहता हूं। अठावले ने कहा, %%लेकिन फडणवीस ने उन्हें बताया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चाहते हैं कि शिरडी सीट उन्हें मिले क्योंकि मौजूदा सांसद सदाशिव लोखंडे उनकी पार्टी शिवसेना से हैं।%% आठवले ने साल 2009 में इस सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। अठावले ने कहा कि उन्होंने लोकसभा चुनाव के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार में कैबिनेट में जगह मांगी थी और जब 2026 में उनका राज्यसभा का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा तो फिर से उन्हें राज्यसभा के लिए नामंकित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इस साल के अंत में महाराष्ट्र में होने वाले विधानसभा चुनाव में आरपीआई (ए) को सात से आठ सीटें, राज्य सरकार में एक मंत्री पद, विधानपरिषद में प्रतिनिधित्व और साथ ही राज्य स्वामित्व वाले दो निगमों में पद दिए जाने चाहिए।

---

## तीन लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवार खोजने में कांग्रेस के छूट रहे पसीने

नई दिल्ली कांग्रेस पार्टी अब तक तीन सूचियां जारी कर 25 प्रत्याशियों के नामों का एलान कर चुकी है। कांग्रेस खजुराहो सीट पर नहीं लड़ेगी, यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी है। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कांग्रेस आज शेष तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है...

मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने सभी 29 सीटों पर उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं। पार्टी सभी सीटें जीतकर रिकॉर्ड कायम करने में जुटी है। वहीं कांग्रेस इस चुनाव में अपना अस्तित्व बचाने में लगी है। पार्टी की कोशिश है कि कैसे भी इन चुनावों में चार से पांच सीटों पर जीत हासिल कर ले। हालांकि अभी भी 3 सीटों पर उम्मीदवार के नामों को लेकर पार्टी के भीतर मंथन का दौर चल रहा है।

खंडवा लोकसभा सीट भारतीय जनता पार्टी का ग? मानी जाती है। भाजपा ने फिर से मौजूदा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को उम्मीदवार बनाया है, वहीं कांग्रेस इस सीट पर उम्मीदवार का नाम तय नहीं कर पाई है। खंडवा सीट से पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष पूनम पटेल, सुनीता और पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव के नामों को लेकर भी चर्चा चल

**मध्यप्रदेश**

**खंडवा, मुरैना और ग्वालियर सीटों पर कांग्रेस कब करेगी उम्मीदवारों का एलान?**

रही है। कांग्रेस नेतृत्व अरुण यादव को खंडवा से चुनाव लड़वाना चाहती है, जबकि यादव गुना सीट से चुनाव लड़ना चाहते थे। पार्टी को अब तक खंडवा में कोई मजबूत चेहरा नहीं मिला है। इसकी वजह से अब तक प्रत्याशी घोषित नहीं किया जा सका है।

ग्वालियर लोकसभा सीट पर भाजपा और कांग्रेस का क?ा मुकाबला देखने को मिलता है। इस बार कांग्रेस को ग्वालियर सीट पर जीत की खासी उम्मीद है, यही वजह है कि पार्टी कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। इसलिए पार्टी को किसी स्थानीय दमदार चेहरे पर भरोसा जताना चाहती है। भाजपा ने राज्य सरकार में पूर्व मंत्री भारत सिंह कुशवाह को प्रत्याशी बनाया है। वहीं कांग्रेस से पूर्व सांसद रामसेवक सिंह बाबूजी, पूर्व विधायक प्रवीण पाठक, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, युवा कांग्रेस नेता मितेंद्र सिंह और विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नामों को लेकर चर्चा है। कांग्रेस जातिगत समीकरण को देखते हुए उम्मीदवार तय करने में जुटी है।

इसी तरह मुरैना सीट भी इस बार क? मुकाबले वाली मानी जा रही है। इस लोकसभा पर 1996 से भाजपा का कब्जा है। मुरैना में तोमर समुदाय का काफी प्रभाव है। भाजपा ने जातिगत समीकरण को ध्यान में रखते हुए इस सीट से पूर्व विधायक शिवमंगल सिंह तोमर को उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस भी किसी मजबूत प्रत्याशी की तलाश में है। मुरैना सीट से कांग्रेस दावेदारों के रूप में विधायक पंकज उपाध्याय और भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल होने वाले पूर्व विधायक नीटू उर्फ सत्यपाल सिंह सिकरवार के नामों की चर्चा है। वहीं पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह का नाम भी चर्चाओं में है। कांग्रेस पार्टी अब तक तीन सूचियां जारी कर 25 प्रत्याशियों के नामों का एलान कर चुकी है। कांग्रेस खजुराहो सीट पर नहीं लड़ेगी, यह सीट कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के लिए छोड़ी है। ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कांग्रेस आज शेष तीन सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। इससे पहले बुधवार रात कांग्रेस ने तीन उम्मीदवारों के नामों का एलान किया गया था। बुधवार को जारी सूची में कांग्रेस ने विदिशा, गुना और दमोह के प्रत्याशी घोषित किए हैं। विदिशा से दो बार सांसद रहे प्रतापभानु शर्मा प्रत्याशी होंगे। उनका मुकाबला विदिशा से पांच बार के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से होगा। गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सामने राव यादवेंद्र सिंह यादव को उतारा गया है। दमोह से तरवर सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया गया है।

# बलात्कार पीड़िता को अस्पताल खुद देखने पहुंचे स्वास्थ्यमंत्री उन्हीं के पहल पर मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये हुई स्वीकृत

राजीव वर्मा



**एमसीबी-भारत भास्कर**- स्वास्थ्यमंत्री श्यामबिहारी जायसवाल की संवेदनशील पहल के चलते एक 19 वर्षीय युवती की जान बच सकी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 22 लाख रू. राशि स्वीकृत कराई जा चुकी है। स्वास्थ्यमंत्री श्री जायसवाल स्वयं पचपेढ़ी नाका चैक स्थित निजी अस्पताल पहुंचे व पीड़िता का हाल जाना।

बता दे कि 20 अक्टूबर 2023 को एक दिल दहला देने वाली घटना ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में हुई। युवती के प्रेमी ने ही उसके साथ धोखा किया और जंगल बुलाकर युवती के साथ बलात्कार किया। इस दौरान हुई झुमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। उसे इसी हालत में छोडकर दोनो आरोपी युवक फरार हो गये। कुछ समय बाद जंगल में कुछ लोगों ने युवती को अचेत अवस्था में देखा और घटना की सूचना पुलिस को दी गई, साथ ही युवती को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच पुलिस ने बलात्कार का मामला दर्ज कर आरोपी निलेश कुमार (कथित प्रेमी) एवं उसका साथी बेचन साय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**जिला अस्पताल से 20 दिनों बाद परीजनों ने करा ली छुट्टी**- गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती बलात्कार पीड़िता युवती के परिजनों ने खुद ही उसकी छुट्टी करा उसे घर ले गये। घर में उसकी सही देखभाल न हो पाने के कारण वह सेप्टीसिमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गयी। युवती की हालत दिन ब दिन बिगड़ती चली गई।

**आई.ओ.सी.एल. के एक अधिकारी ने की मदद**- गंभीर हालत में घर में पड़ी युवती को उपचार के लिये रायपुर के किसी अच्छे अस्पताल में पहुंचाने के लिये आई.ओ.सी.एल. के एक स्थानीय अधिकारी ने पहल की। स्थानीय जिला प्रशासन की सक्रियता के बाद गंभीर हालत में युवती को रायपुर लाया गया। इस दौरान युवती आक्सीजन पर थी और उसका हीमोग्लोबिन 2 ग्राम पहुंच चुका था, उसके पूरे शरीर में संक्रमण फैल चुका था। उसके बचने की आस समाप्त हो गई थी। 22 फरवरी 2024 को कई घंटों के अथक प्रयासों के बाद भी युवती किसी भी शासकीय अस्पताल में भर्ती नही हो पाई। इसके बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुये पचपेढ़ी नाका के आगे एक निजी बर्न युनिट में भर्ती करा दिया गया।

**स्वास्थ्यमंत्री ने शासकीय योजना से पूरे उपचार की पहल की**- स्वास्थ्यमंत्री श्री जायसवाल ने मामले की जानकारी होते ही त्वरित कार्यवाही करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 2 किश्त में लगभग 22 लाख रू. राशि उपचार के लिये स्वीकृत कराई।

**आज अचानक स्वास्थ्यमंत्री खुद पहंच गये अस्पताल**- स्वास्थ्यमंत्री श्री जायसवाल आज अचानक बलात्कार पीड़िता युवती का हाल जानने खुद अस्पताल पहंचे। उन्होने युवती के परिजन से मुलाकात कर हाल चाल पूछा। साथ ही बलात्कार पीड़िता युवती से मिलने आईसीयू तक गये। वहां उन्होने युवती से बातचीत कर उसे ढ़ांढस बंधाया। साथ ही उसके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की।

पीड़िता युवती की हालत में बहुत सुधार आ चुका है। उसका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम हो गया है और वह अब बातचीत भी करने लगी है। निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार अभी युवती को लगभग एक माह और भर्ती रहना पडेगा। इस दौरान उसके कुछ और आपरेशन होंगे।

# आचार संहिता लागू होने के बाद जांच अभियान हुआ तेज

## 28 करोड़ की नगदी और वस्तुएं जब्त

**एच डी महंत/रायपुर 1 अप्रैल 2024**/ राज्य में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 94 लाख रुपए कीमत के 23.15 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां, जिनकी कीमत 17 करोड़ 24 लाख रुपए है, भी जब्त की गई हैं।

# इंडिगो ने छत्तीसगढ़ में विस्तार किया; जगदलपुर से उड़ान शुरू की



**नईदिल्ली:** भारत के पसंदीदा कैरियर, इंडिगो ने अपने 6ई नेटवर्क में जगदलपुर को शामिल कर लिया है। यह देश में 87वाँ और विश्व में 120वाँ स्थान बन गया है, जहाँ इंडिगो की उड़ान सेवा उपलब्ध है। इंडिगो ने 31 मार्च, 2024 से हैदराबाद और 01 अप्रैल, 2024 से रायपुर के लिए अपनी उड़ान सेवा शुरू कर दी है। इस महत्वपूर्ण लॉन्च से अंतरराज्यीय पहुँच बढ़ेगी, और क्षेत्र में आर्थिक विकास आएगा, तथा यात्रियों को आगामी गर्मियों के दौरान उड़ान के ज़्यादा विकल्प मिल सकेंगे। इंडिगो के हेड, ग्लोबल सेल्स, श्री विनय मल्होत्रा ने कहा, हमें जगदलपुर से अपनी उड़ान सेवा शुरू करने की खुशी है। जगदलपुर को वाणिज्यिक एवं सांस्कृतिक केंद्रों, हैदराबाद और रायपुर से जोड़ने वाले इन नए मार्गों से पर्यटन और व्यापार बढ़ेगा तथा देश के अन्य हिस्सों तक पहुँच का विस्तार होगा। अब ग्राहक देश में अपने पसंदीदा स्थानों की यात्रा कर सकेंगे और हैदराबाद से होते हुए अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर भी जा सकेंगे। भारत के अग्रणी कैरियर के रूप में, हम ग्राहकों को अपने 6ई नेटवर्क द्वारा सुगम कनेक्टिविटी और किफायती, ऑन-टाइम, विनम्र एवं सहज यात्रा का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जगदलपुर छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में स्थित है। यह एक खूबसूरत शहर है जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर है। यहाँ कई झरने, वन्यजीव अभयारण्य और प्राचीन मंदिर हैं, इसलिए यह एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। सिटी ऑफ पर्ल्स, हैदराबाद में कई प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल, जैसे चारमीनार, यूनेस्को एशिया प्रशांत विरासत स्थल, चौमहल्ला पैलेस और सालार जंग म्यूज़ियम हैं, जो दुनिया के सबसे बड़े निजी संग्रह वाले म्यूज़ियम्स में से एक है। अपने स्वादिष्ट व्यंजनों के लिए मशहूर हैदराबाद ग्लोबल आईटी केंद्र के रूप में भी उभर रहा है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर स्टील के सबसे बड़े बाजारों में से एक है। इसका नाम देश के सबसे बड़े औद्योगिक केंद्रों में आता है। रायपुर में 200 से ज्यादा स्टील मिलें और छह स्टील प्लांट हैं। रायपुर में कई खूबसूरत झीलें, प्राचीन मंदिर और टेराकोटा उद्योग हैं। यहाँ की सांस्कृतिक विरासत बहुत समृद्ध है। रायपुर के सबसे आकर्षक पर्यटक स्थलों में महंत घासीदास मेमोरियल म्यूज़ियम, दूधाधारी मठ और मंदिर, महामाया मंदिर, हाजरा झरना, विवेकानंद सरोवर, केवल्य धाम, घटरनी वॉटरफॉल आदि शामिल हैं।

# बिटिया आग्रह टोली ने शहर में निकाली मतदाता जागरूकता रैली




## घर-घर जाकर मतदाताओं को कर रहीं जागरूक

### लोकसभा आम निर्वाचन-2024

**अशोक जैन/ कांकेर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर और जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी के तहत आज शहर के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और अघननगर में विद्यालयों के छात्राओं की बिटिया आग्रह टोली द्वारा शहर के मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए 'जागरूक रहेगा कांकेर, मतदान करेगा कांकेर' का नारा लगाते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसके अलावा भानुप्रतापपुर में भी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्राओं की बिटिया आग्रह टोली ने घर-घर पहुंचकर आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए निर्धारित मतदान दिवस की तिथि 26 अप्रैल को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इसी प्रकार जिले के जनपद पंचायत भानुप्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसकुण्ड में मनरेगा के तहत कार्यस्थल में श्रमिकों को 'जागरूक रहेंगे मजदूर-मतदान करेंगे मजदूर' के नारे के साथ आगामी लोकसभा में अनिवार्य रूप से मतदान के लिए शपथ दिलाई गई।

# स्वीप सहेली कर रहीं शत-प्रतिशत मतदान का आह्वान

## 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' के नारे के साथ निकाली रैली

### लोकसभा आम निर्वाचन-2024




**अशोक जैन/ कांकेर,** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी श्री सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा है। इसी क्रम में आज जिले के भानुप्रतापपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केंवटी में स्वीप सेहली द्वारा 'चलो मतदान केन्द्र की ओर' का नारा लगाते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान केन्द्र में जाकर वोट करने के लिए आग्रह किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा अंतर्गत ग्राम एसेबेड़ा और जनपद पंचायत चारामा में भी स्वीप सहेलियों ने रंगोली के विभिन्न कलाकृति बनाते हुए मतदाता जागरूकता का संदेश दिया और लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं को शपथ भी दिलाई गई।

## ठगी की रकम से खरीदी भूमि, ट्रेक्टर और बनवाई दुकान-मकान

# सेन्ट्रल बैंक के ग्राहकों के खाते से 20.57 लाख की ठगी... आरोपी कमिशन एजेंट गिरफ्तार



**प्रवेश गोयल/ सूरजपुर।** दिनांक 25.12.2023 को अम्बिकापुर निवासी अधिवक्ता सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया धनंजय मिश्रा ने थाना सूरजपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अभिषेक प्रताप सिंह जो सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा महगंवा जिला सूरजपुर का व्यवसायिक प्रतिनिधि है जो कमिशन एजेंट के रूप में कार्य करता है जो बैंक का कर्मचारी नहीं है। शिकायतकर्ताओं से उनके खाते में रकम जमा कराने के नाम पर पैसे लेकर उनके खाते में प्राप्त राशि जमा नही करायी गई हैं। उक्त मामले कि जांच दौरान शिकायतकर्ताओ के आवेदन पत्र एवं जमा पर्ची का निरीक्षण करने में पाया कि अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा अपने कार्य में लापरवाही करते हुए शिकायतकर्ताओ से प्राप्त राशि को उनके खाते में जमा नहीं करायी गई है। जिससे सेन्ट्रल बैंक शाखा महगंवा को भारी नुकसान हुआ तथा अभिषेक प्रताप सिंह को व्यक्तिगत लाभ हुआ हैं जो प्रथम दृष्टया करीब 20,57,600 रूपये का नुकसान होना प्रदर्शित होता है। अभिषेक प्रताप सिंह के द्वारा जमाकर्ताओ की रशि की छलपूर्वक अपने पास रख लिया तथा फर्जी एवं कुटरचना कर बैंक की फर्जी सील एवं दस्तावेज तैयार किया है। रिपोर्ट पर धारा 420 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। उप पुलिस महानिरीक्षक/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री एम.आर.आहिरे (भा.पु.से.) ने लंबित मामलों की समीक्षा उपरान्त फरार चल रहे आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व सीएसपी एस.एस.पैंकरा के मार्गदर्शन में थाना सूरजपुर पुलिस मामले की विवेचना करते हुए आरोपी की पतासाजी में लगी थी इसी बीच मुखबीर की सूचना पर आरोपी अभिषेक प्रताप सिंह पिता विजय कुमार निवासी ग्राम खोड थाना ओडगी को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि बैंक में जो ग्राहक जमाकर्ता पैसे जमा करने के लिए आते थे उसका जमा पर्ची में बैंक का सील लगाकर अपना हस्ताक्षर कर पावती दे देता था और पैसे को अपने पास रख लेता था। बैंक ग्राहको से जो रकम मिला उस रकम से गांव में अपने पिता के नाम से जमीन खरीदा हैं, मकान-दुकान बनवाया है तथा चाचा के नाम से महेन्द्रा ट्रेक्टर खरीदने में पैसे दिया है। आरोपी के निशानदेही पर सील, जमीन क्रय करने संबंधी दस्तावेज एवं महेन्द्रा ट्रेक्टर को जप्त किया गया। आरोपी के द्वारा घटना को अंजाम देना स्वीकार करना एवं बैंक का कर्मचारी न होते हुए भी बैंक ग्राहकों से रकम लेकर बैंक का सील व अपना हस्ताक्षर कर कुटरचना कारित करना तथा कुटरचित हस्ताक्षर युक्त जमापर्ची को ग्राहको को देना पाये जाने से प्रकरण में धारा 419, 467, 468, 471 भादसं जोड़ी जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर विमलेश दुबे, एसआई संदीप कौशिक, पियुष चन्द्राकर, प्रधान आरक्षक विवेकानंद सिंह, इसित बेहरा, आरक्षक सुशील मिंज, रामप्रसाद पैकरा व महिला आरक्षक नीता भण्डारी सक्रिय रहे।

## सार-समाचार

### कबड्डी खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान पर हुए सम्मानित




**भारत भास्कर/ बिलासपुर :-** छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन के द्वारा होटल अजित भिलाई दुर्ग मे आयोजित पत्रकार सम्मान समारोह में बिलासपुर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष व सामाजिक कार्यकर्ता जीवन मिश्रा का मुख्य अतिथियों के द्वारा सम्मान किया गया, जीवन मिश्रा का सम्मान कबड्डी खेल के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान किया गया उनके कार्यकाल मे बिलासपुर जिला के कबड्डी खिलाड़ियों ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर बिलासपुर जिला व छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है इस सम्मान समारोह मे सैकड़ो की संख्या में प्रदेश भर से आए हुए पत्रकार उपस्थित रहे जीवन मिश्रा के द्वारा खेल के क्षेत्र में और सामाजिक कार्य के क्षेत्र में अच्छे प्रदर्शन के कारण उनको सम्मानित किया गया, मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर बलदेव भाई शर्मा कुलपति कुशा भाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर अध्यक्षता राजा राम त्रिपाठी के द्वारा सम्मान किया गया।

### हितग्राहियों से रिश्वत लेने के कारण रोजगार सहायक की सेवा समाप्त

**नरेश चौहान/सारंगढ़-बिलाईगढ़, 1 अप्रैल 2024/** जिले के बिलाईगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत झुमका में कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक निर्मला बकावले के विरुद्ध हितग्राहियों से अवैध रूप से राशि वसूल किए जाने की शिकायत प्राप्त हुआ था। शिकायत पर किए गए जांच प्रतिवेदन के निष्कर्ष अनुसार संबंधित ग्राम रोजगार सहायक की तत्काल सेवा समाप्त किया गया है। इस आशय के पत्र परियोजना निदेशक श्री हरिशंकर चौहान ने जारी किया है।

### हाई स्कूल में शिक्षकों को दिलाई गई मतदाता जागरूकता शपथ

**हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी सर्टिफिक्रेट परीक्षा के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के लिए आए थे शिक्षक**



**प्रवेश गोयल/ सूरजपुर** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के निर्देशन व जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू एवं जिला स्वीप सहायक नोडल श्री राम ललित पटेल के मार्गदर्शन में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सूरजपुर में मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत आज हाई स्कूल/हायर सेकेंडरी सर्टिफिक्रेट परीक्षा के उत्तर पुस्तिका मूल्यांकन के आए जिले के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार प्रसार कर, मतदाता जागरूकता लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शत प्रतिशत मतदान करने के लिये शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान सहायक संचालक (शिक्षा) रविन्द्र सिंह देव, विकासखंड परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन दास, अजय देवांगन एवं बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर के प्राचार्य लेफ सिंह एवं समस्त मूल्यांकन कर्ता शिक्षक उपस्थित रहे।

### यूएसवी प्राइवेट लिमिटेड ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में नई फैक्ट्रीर के साथ कार्डियोलॉजी सेगमेंट में अपनी स्थिति को मजबूत किया

**बद्दी :** भारतीय मल्टीनेशनल हेल्थकेयर कंपनी यूएसवी ने हिमाचल प्रदेश के बद्दी में नए समर्पित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को खोलने की घोषणा की। इक्विया जनवरी 2023 के आंकड़ों के अनुसार यूएसवी प्रिसक्रिप्शन के माध्यम से दिल की बीमारियों के सेग्मेंट में अग्रणी है। नया समर्पित प्लांट इकोस्प्रिन एवी जैसे हाई-क्वॉलिटी, किफायती प्रॉडक्ट्स तक उपभोक्ताओं की पहुंच में सुधार करेगा और कार्डियोलॉजी सेग्मेंट में कंपनी के नेतृत्व की स्थिति को मजबूत करेगा। नए प्लांट के संचालन से यह प्रॉडक्ट अब मरीजों को सुविधा देते हुए ज्यादा पेशेंट फ्रेंडली पैक में मिलेगा। हमारे देश में युवा लोगों में दिल की बीमारियों के मामले बढ़ते जा रहे हैं। एस्प्रिन और एटोरवैस्टेटिन रोगियों को दिल की बीमारियों से बचाने और दिल की सेहत को ठीक रखने में प्रमुख भूमिका निभाती है। इस प्लांट का उद्घाटन यूएसवी के डायरेक्टठर श्री देवव्रत भादुड़ी ने किया। इस अवसर पर यूएसवी की चेयरपर्सन मिस लीना गांधी तिवारी के साथ प्रबंध निदेशक श्री प्रशांत तिवारी भी उपस्थित थे। फैक्ट्री के उद्घाटन पर मिस लीना गांधी तिवारी ने कहा, 卐यह आधुनिक फैक्ट्री भारतीयों के दिल को सेहतमंद रखने के लिए रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। यह उन्हें किफायती दाम पर जीवनरक्षक क्वॉलिटी ब्रांड की दवाएं किफायती कीमत पर उपलब्ध कराती है।'' यूएसवी के प्रबंध निदेशक श्री प्रशांत तिवारी ने कहा, बद्दी में कंपनी की नई यूनिट क्वॉलिटी दवाओं को ऑफर कर मरीजों की जिंदगी बचाने की हमारी जिम्मेदारी में अमूल्य योगदान देगी। इस प्लांट में क्वॉलिटी कंट्रोल और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए मैन्युफैक्चरिंग और चेकिंग के ऑटोमेटेड प्रोसेस में हाई-टेक मशीनरी और आधुनिक टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाता है। इससे दिल के रोगियों को बेहतर इलाज प्रदान करने के हमारे लंबे समय से चले आ रहे प्रयास में उल्लेखनीय योगदान मिला है। इस प्लांट में बनी दवाओं से मरीजों के जल्दी ठीक होने में बढ़ोतरी हुई है। यह प्लांट पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए कई तरह की पहल करता है। इसमें नवीकरणीय ऊर्जा का इस्तेमाल किया जाता है। वर्षा जल का संचयन किया जाता है। इस प्लांट के आसपास शुरुआत से ही पौधारोपण किया जा रहा है। यूएसवी के डायरेक्टुर एम.एम. वेंकटचलम ने कहा, यह प्लांट इस्तेमाल की जाने वाली तकनीक, क्यूसी, टेस्टिंग और स्थिर उपायों को अपनाने के संदर्भ में काफी अपग्रेड है और बेहद प्रभावित करता है। इधर पिछले कुछ सालो में यूएसवी ने नए प्लांट लगाने, नई तकनीक अपनाने, प्रभावशीलता और कार्यक्षमता बढ़ाने में लंबी छलांग लगाई है।''

# संक्षिप्त समाचार

## बस्तर सीट से चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी का नामांकन रद्द

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के लिए कुल 11 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि बस्तर लोकसभा क्षेत्र में कुल 12 अभ्यर्थियों ने नामांकन पत्र जमा किए थे। नामांकन पत्रों की संवीक्षा के उपरांत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए अब 11 अभ्यर्थी शेष हैं। प्रथम चरण के लिए नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल 2024 को मतदान होगा। निर्वाचन आयोग से मिली जानकारी के अनुसार भारतीय साक्षर पार्टी से बस्तर के चुनावी मैदान में उतरे राजाराम नाग का नामांकन रद्द कर दिया गया है। हालांकि अभी ये बात सामने नहीं आई है कि राजाराम नाग का नामांकन क्यों रद्द कर दिया गया है। वहीं, राजाराम नाग का नामांकन रद्द होने के बाद बस्तर के चुनावी मैदान में अब सिर्फ 11 उम्मीदवार हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना कंगाले ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत द्वितीय चरण के लिए आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। द्वितीय चरण अंतर्गत महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के लिये अभी तक किसी भी अभ्यर्थी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है।

## मासूम बच्ची से रेप करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में 6 साल की बच्ची के साथ रेप की घटना हुई है। आरोपी पड़ोस में रहने वाला युवक है। शिवरात्रि के दिन आरोपी बच्ची को उठाकर अपने घर ले गया, फिर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। डॉक्टर ने जांच के बाद रेप की पुष्टि की। माता-पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। मामला रायपुर के खम्हारडीह थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले का है। पीड़ित बच्ची की मां ने थाने में शिकायत दर्ज कराई कि पड़ोसी मुकेश यादव 29 वर्ष ने उनकी 6 साल की बेटी से रेप किया है। उसने बताया कि घटना 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन की है। मां ने बताया कि शिवरात्रि के दिन आरोपी का पूरा परिवार घर से बाहर गया हुआ था। ऐसे में आरोपी बच्ची को अपने साथ घर ले गया और रेप किया। उसने बच्ची को किसी से कुछ नहीं कहने के लिए डरा-धमका दिया। बच्ची ने घर आकर अपनी मां से कुछ नहीं बताया, लेकिन कुछ दिन बाद तबियत बिगड़ने पर माता-पिता उसे डॉक्टर के पास गए। डॉक्टर को जांच में रेप का शक हुआ। इसके बाद डॉक्टर ने ये बात परिजनों को बताई। इसके बाद मां ने बेटी से पूछताछ की, तो उसने टूटे-फूटे शब्दों में पूरी घटना का जिक्र किया। इसके बाद माता-पिता ने थाने में मामला दर्ज कराया। बच्ची के मां-बाप घर के पास ही पान ठेला लगाते हैं।

## कांग्रेस के नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर उपमुख्यमंत्री ने साधा निशाना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस के नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर निशाना साधा है। विजय शर्मा ने कांग्रेस में बढ़ रही अंतर्कलह पर कहा कि कांग्रेस में दीपक बैज को प्रताड़ित करने की कोशिश हो रही है। एक वर्ग उन्हें लगातार टारगेट करने का प्रयास कर रहा है। चुनाव के समय भी लेनदेन का मामला सामने आया था। यह कांग्रेस का अंदरूनी मामला है पर ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर दीपक बैज को टारगेट किया जा रहा है। राजनांदगांव लोकसभा में मिल रहे फीडबैक को लेकर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि जो महादेव एप के नाम से बहुत से परिवारों को बर्बाद कर पैसे खाए हो जो कोयला की दलाली करके पैसा खाए हो जो शराब में फर्जी होलोग्राम लगाकर शराब के पैसे खाए हो। जिन्होंने राजनांदगांव से विभिन्न संस्थाओं को बाहर कर दिया हो। जिन्होंने वोट के नाम पर जिले का प्रस्ताव रखा हो। ऐसे व्यक्ति को पूरे क्षेत्र में कोई भी स्वीकार करने वाला नहीं है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के आज से नारी न्याय का फार्म भरवाए जाने पर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के पास इस समय विश्वसनीयता का संकट है। उन्होंने पहले जो भी वादा किया उसे पूरा नहीं किया।

## कांग्रेस नेता का आमरण अनशन हुआ खत्म पार्टी नेताओं पर उपेक्षा व टिकट नहीं दिए जाने से नाराज

**रायपुर।** पार्टी में कर्मठता से काम करने तथा संगठन के निर्देशों व जिम्मेदारियों को बखूबी पालन करने के बाद भी उपेक्षा का आरोप लगाते हुए पिछले तीन दिनों से टिकट नहीं मिलने की नाराजगी के साथ आमरण अनशन पर बैठे कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक का यह अनशन ख़त्म हो गया हैं। बिलासपुर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रमुख विजय केसरवानी ने उन्हें जूस पिलाया और फिर उनका अनशन ख़त्म हुआ। जगदीश कौशिक पिछले तीन दिनों से अनशन पर बैठे थे। इस दौरान उन्हें काफी मनाने की कोशिश हुई थी, लेकिन वह नहीं मान रहे थे। बताया जा रहा हैं कि नाराज नेता जगदीश कौशिक को मनाने पहुंचे नेताओं ने उनकी मांग से आलाकमान को अवगत कराने की बात कही हैं। साथ ही उम्मीदवारी पर विचार करने की बात कही हैं। उन्हें नामांकन से पहले मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिला हैं। ऐसे में क्या अब देवेंद्र यादव के उम्मीदवारी पर किसी तरह का खतरा हैं? और क्या पार्टी इस पर पुनर्विचार करेगी?

## महाराष्ट्र की ओर आने-जाने वाले वाहनों की जांच तेज

**रायपुर।** आगामी लोकसभा चुनाव निष्पक्ष एवं सुरक्षित तरीके से सम्पन्न कराने हेतु बार्डर पर सघन चेकिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस टीमें महाराष्ट्र से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग कर रही हैं। बागनदी बार्डर तथा जिले के शरहदी गांवों में जिला पुलिस बल एवं एसएसटी बलों के साथ टीमें तैनात की गई है। प्रदेश में आने वाले सभी दो पहिया, चार पहिया वाहनों पर नजर बनाये रखेन हेतु पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना चौकी प्रभारियों एवं यातायात शाखा द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्रों में एमसीपी लगाकर संदिग्ध लोगों पर नजर बनाये रखते हुये सघनता व सतर्कता के साथ वाहन चेकिंग करने शराब, मादक पदार्थों व अन्य सामग्रियों पर रोकथाम करने तथा कानून- व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ बनाये रखने और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था।

कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री

# सीएम साय ने प्रत्याशी महेश कश्यप को जिताने की लोगों से की अपील

रायपुर/ संवाददाता

लोकसभा चुनाव 2024 के प्रथम चरण में 19 अप्रैल 2024 को बस्तर लोकसभा में चुनाव होना है। जिसे लेकर सभी पार्टियों ने कमर कस ली है। बस्तर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप के पक्ष में वोट मांगने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कोंडागांव भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे, जहां पर उन्होंने प्रत्येक बूथ के कार्यकर्ताओं को महेश कश्यप बनकर जनता से वोट मांगने की अपील की। सीएम साय ने कोंडागांव में जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के बाद मैं दूसरी बार आप लोगों के बीच में उपस्थित हूं। इसके पहले जंगल जतरा में हम केदार कश्यप वन मंत्री के साथ आए थे और उस समय तेंदूपत्ता की कीमत 5500 प्रति मानक बोरा की घोषणा किए थे। आज दूसरी बार कार्यकर्ता सम्मेलन कार्यक्रम में आप लोगों के बीच उपस्थित हूं, आप लोगों ने बड़ा आत्मीय स्वागत किया है इसके लिए आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता भाइयों एवं बहनों का अत्यंत आभारी हूं। सीएम ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में 90 के 90 विधानसभा क्षेत्र में बूथ विजय अभियान का शुभारंभ किए हैं। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष ने भी अपने हाथों से 10 घरों में भारतीय जनता पार्टी का ध्वज लगाकर इस कार्यक्रम में आए हैं मैं भी कान्तर गांव में जाकर भारतीय जनता पार्टी का ध्वज घरों में लगाकर यहां आया हूं। आप सभी कार्यकर्ताओं को भी भारतीय जनता पार्टी का ध्वज अपने-अपने घरों में लगाना है और अन्य घरों में भी इस अभियान को आगे बढ़ाना है। सीएम ने आग कहा कि देवतुल्य कार्यकर्ताओं से आग्रह करने आया हूं कि आने वाले 19 अप्रैल 2024 को होने वाले लोकसभा चुनाव में आप लोगों को सांसद चुनना है। बस्तर लोकसभा का चुनाव प्रथम चरण में ही 19 अप्रैल 2024 को संपन्न होगा, भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है आप सभी लोगों को चुनाव जीताने का



अनुभव है। हर चुनाव में आप लोग मतदाताओं के बीच जाते हैं। सीएम ने कहा कि आजादी के बाद 55 से 60 साल तक कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस आदिवासियों को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया कभी भी उनके विकास पर चिंता नहीं किया। परंतु जब स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई देश के प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने पहली बार आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। आज 12 करोड़ से भी ज्यादा आदिवासियों के लिए गौरव का विषय है कि देश के सर्वोच्च पद पर द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति के पद पर आसीन हैं। सीएम साय ने कहा कि आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता भाइयों एवं बहनों से निवेदन है कि आप इस लोकसभा चुनाव में सभी घरों में जाकर बस्तर लोकसभा के उम्मीदवार महेश कश्यप के पक्ष में मतदाताओं से वोट की अपील करें और देश में फिर से भाजपा की मोदी सरकार बनाएं।

### 'भूपेश ने महादेव को भी नहीं छोड़ा, गरीबों को बेघर कर पाप किया

इस दौरान दोनों जगहों पर बीजेपी सरकार और केंद्र की उपलब्धियों का बखान किया। पूर्व की कांग्रेस सरकार की कमियां गिनाई। पूर्व सीएम सीएम भूपेश बघेल पर जमकर बरसे। कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में हर काम सांय-सांय हो रहा है और कांग्रेस का बाय-बाय हो रहा है। कांग्रेस के बड़े-बड़े नेता बीजेपी में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने धमतरी के नगरी में चुनावी सभा में कहा कि सरकार में आते ही हमने पीएम मोदी की सभी प्रमुख गारंटियों को सांय-सांय पूरी की। लोकसभा चुनाव के बाद भी मोदी की बची गारंटियों को भी सांय-सांय पूरा करेंगे। उन्होंने भूमिहीन श्रमिकों को 10 हजार रुपये और 500 रुपये में सिलेंडर देने के वादे को भी पूरा करने की बात कही।

# लोकसभा संचालक कमेटी की हुई बैठक डिप्टी सीएम ने जीत का किया दावा........

रायपुर/ संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी ने जांजगीर चांपा लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा संचालक कमेटी की बैठक आयोजित की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस बैठक में भाग लिया, जिसमें भाजपा की चुनाव रणनीति पर चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए भाजपा की जीत का दावा किया और उन्होंने सभी प्रत्याशियों को स्थानीय समर्थन का भरोसा दिया। उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशियों का विरोध और उनके अंतरकल होने का दावा किया। जांजगीर चांपा लोकसभा सीट के अंतर्गत आठ विधानसभा आते हैं। इसमें भाजपा का एक भी कोई विधायक नहीं होने से चुनाव इस बार अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। इसके लिए प्रदेश के नेताओं ने काम करना शुरू किया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ में दोबारा सरकार बनाने के बाद विकास को लेकर जनता को समझाने का संकल्प लिया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने नक्सली क्रियाओं के बारे में भी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि बस्तर के कोने-कोने में नक्सलियों ने आईडी बेचकर रखा है, इसके चपेट में स्थानीय लोग भी आ रहे हैं। ऐसे ही एक घायल युवक से आज मुलाकात की और उचित उपचार के लिए कहा उन्होंने नक्सलियों को विकास विरोधी बताया। प्रदेश के कोई क्षेत्र विकास में पीछे नहीं रहेगा और बस्तर में भी सड़क



बिजली पानी स्कूल और चिकित्सा का अच्छा इंतजाम होगा। विकास विरोधी तत्वों से चर्चा के लिए सरकार सदैव तैयार है सरकार प्यार से बातचीत से और शक्ति से निपटने के लिए भी तैयार है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस द्वारा ईवीएम मशीन से चुनाव के बजाय वैलेट पेपर पर मोहर लगाकर चुनाव कराने की मांग पर पलट वार करते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा अपनी हर पर ईवीएम को और हिंदू-मुस्लिम मामला बताकर माहौल बनाती है। पिछले पांच साल पहले भारी बहुमत से कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। तब क्या ईवीएम सेटिंग हुआ था। कवर्धा से कांग्रेस के प्रत्याशी मोहम्मद अकबर कवर्धा से चुनाव जीते तब सब ठीक था, इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की करारी हार हुई तो ईवीएम मशीन में गड़बड़ी होने का झूठा आरोप लगा रही है। कवर्धा में मोहम्मद अकबर की हार के बाद हिंदू-मुस्लिम कारण बन गया। इस कांग्रेस का दोहरा चाल और चरित्र बताया। जांजगीर चांपा लोकसभा सीट के प्रभारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव से ही पहले कांग्रेस की हार सुनिश्चित है।

# भूपेश बघेल के बयान पर बिफरे संजय सूप बोले तो बोले,चलनी भी बोले.....





रायपुर/ संवाददाता

छत्तीसगढ़ बीजेपी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर जमकर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व का अपमान करने वाले अपने पिता की राह पर चल रहे हैं। सीएम साय पर विष्णु को भ्रष्टाचार का भोग लग रहा जैसा बयान देकर बघेल न केवल अपनी राजनीतिक कुंठा का प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि सनातन परंपरा का अपमान कर अपनी घृणा का शर्मनाक प्रदर्शन कर रहे हैं। भ्रष्टाचार पर बघेल का बयान सूप बोले तो बोले,चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद की कहावत को चरितार्थ करता है। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री बघेल के इस बयान की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि सनातन संस्कृति और हिन्दुत्व के प्रति विषवमन करके बघेल ने करोड़ों जनता की भावनाओं और आस्था को ठेस पहुंचाने का कृत्य किया है। यही काम अपने जीवनकाल में उनके पिता भी करते रहे और अब उनकी राह पर चलकर पूर्व मुख्यमंत्री हिन्दुत्व की जन आस्था से जुड़े प्रतीकों का अपमान अपनी तयशुदा हार की बौखलाहट में कर रहे हैं। इसके लिए बघेल पूरे प्रदेश की जनता से निशर्त माफी मांगें। भाजपा ऐसे अधर्मी बयान की सहन नहीं करेगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर बघेल का बयान सूप बोले तो बोले,चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद की उक्ति को चरितार्थ करने वाला है। आरोप लगाते हुए कहा कि अपने शासनकाल में भ्रष्टाचारियों के सरगना रहे भूपेश बघेल के मुंह से भ्रष्टचार को लेकर बातें बनाना शोभा नहीं देता। श्रीवास्तव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों, गरीबों, अजा-अजजा वर्ग के लोगों, पिछड़ा वर्ग के लोगों का हक मारने, महादेव एप का घोटाला करके युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने और गौधन न्याय योजना तक में घपलेबाजी करके गौमाता को बदनाम करने वाले भूपेश बघेल प्रदेश में भ्रष्टाचार के प्रतीक बन गये हैं। श्रीवास्तव ने कहा कि भूपेश बघेल पहले प्रदेश को यह बताएं कि 15 महीनों से जेल में बंद सौम्या चौरसिया के वह क्या आज भी पैरोकार हैं? क्या आज भी वह सौम्या के वकील हैं? बघेल यह भी साफ करें कि अपनी जिस उपसचिव सौम्या की वकालत वह करते रहे हैं, उसे अब तक क्यों जमानत तक के लाले क्यों पड़े हुए हैं? उन्होंने कहा कि अपने मुख्यमंत्रित्व काल में भ्रष्टाचारियों को बचाने का कृत्य बघेल ने किया है। अपनी उपसचिव सौम्या चौरसिया के भ्रष्टाचार में उनकी कितनी संलिप्तता है,यह भूपेश बघेल प्रदेश को पहले बताएं।

जादूगर की तोते में तो बीजपी की जान ईवीएम में

# कांग्रेस ने कहा- इनकम टैक्स का नोटिस केंद्र सरकार की तानाशाही

रायपुर/ संवाददाता

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के ईवीएम को लेकर दिए बयान के बाद छत्तीसगढ़ की सियासत गरमाई हुई है। मामले में पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर हैं। आरोप-प्रत्यारोप लगाकर निशाना साध रहे हैं। अब कांग्रेस का कहना है कि बीजेपी नेताओं की ओर से ईवीएम के पक्ष में की जा रही बयानबाजी यह साबित करती है कि उसकी जान ईवीएम में बसती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे जादूगर की जान तोते में होती है, वैसे ही बीजेपी की जान ईवीएम में बसती है। जब भी



ईवीएम के खिलाफ कोई तार्किक तथ्य, कोई बयान आता है, तो भाजपाई तिलमिला जाते हैं। ईवीएम के खिलाफबोलने वाले को राष्ट्रद्रोही साबित करने में लग जाते हैं। आखिर बीजेपी बैलेट पेपर से चुनाव कराने से क्यों डरती है?शुक्ला ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रणाली की निष्पक्षता और विश्वसनीयता दोनों ही सर्वोपरि होनी चाहिये। आज देश के नागरिकों, मतदाताओं और प्रबुद्धजनों का एक बहुत बड़ा वर्ग है, जो लगातार ईवीएम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठा रहा है। इन सवालों का समाधान होना चाहिये न कि इन सवालों को बहुमत के अतिवाद में दबाया जाना चाहिये। देश के सभी प्रमुख विपक्षी दल ईवीएम के साथ पचास फीसदी वीवीपैट पर्चियों का मिलान करवाना चाहता है तो इसका भाजपा क्यों विरोध कर रही है? भाजपा बताएं निष्पक्ष चुनाव होने देने में उसको डर क्यों लग रहा है? उन्होंने कहा कि बीजेपी जब विपक्ष में थी तब ईवीएम का विरोध करती थी।

### बस्तर में महापौर अब भाजपा की लेकिन सभापति रहेंगी कांग्रेस की

**रायपुर।** निगम में कांग्रेस की महापौर सफीरा साहू के भाजपा ज्वाइन करने के साथ ही राजनीतिक माहौल तो गरमाया हुआ ही है। वही अब निगम में भी पदाधिकारियों के बड़े बदलाव दिखेंगे। निगम में कांग्रेस की महापौर के भाजपा में आते ही सत्ता परिवर्तन हुआ है। महापौर अब भाजपा की हो गई है। लेकिन सभापति अभी भी कांग्रेस की कविता साहू ही रहेंगी। दरअसल कुछ दिन पहले ही भाजपा ने सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया था जो विफ्ल हो गया था। अब यदि नियम को देखेंगे तो उसके अनुसार जब अविश्वास प्रस्ताव विफ्ल हो जाता है तो दुबारा उसी पद के लिए अविश्वास प्रस्ताव छह महीने से पहले नहीं लाया जा सकता।

लोकसभा चुनाव : भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने तेज किया जनसंपर्क

# सरोज पांडेय ने लोगों से की मतदान की अपील,कांग्रेस पर किया हमला

रायपुर/ संवाददाता

भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद से बीजेपी की फायर ब्रांड नेता सरोज पांडे लगातार दौरे पर हैं, इसी क्रम में सरोज पांडे ने आज कोरबा लोकसभा के मरवाही विधानसभा के गांवो का दौरा किया, जहां नुक्कड़ सभाएं और जनसंपर्क कर केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी साथ ही यह भी बताया कि भाजपा की सरकार गांव गरीब किसान के साथ महिलाओं बुजुर्गों सभी का ध्यान रख रही है, हमारी योजनाएं अंतिम व्यक्ति को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। इस बार की जनसंपर्क में सरोज पांडे ने महिलाओं और ग्रामीणों से सीधे बात की जहां प्रधानमंत्री आवास के से लेकर शौचालय और नल जल योजना के संबंध में जानकारी दी तो वहीं महिलाओं से महतारी वंदन योजना से लेकर ग्रहणियों को मिलने वाले सस्ते दर पर गैस सिलेंडर का भी जिक्र किया, ग्रामीण किसानों से उनके खाते में आए ?3100 धान के कुल मूल्य



का भी लाभ जिनवाती रही इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कोरबा लोकसभा की सांसद ज्योत्सना महंत के साथ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत पर कोरबा लोकसभा में परिवारवाद की वजह से विकास न होने और जमकर भ्रष्टाचार होने का बड़ा आरोप लगाया। सरोज पांडेय ने कहा कि कोरबा लोकसभा में महंत परिवार का परिवारवाद हावी रहा है, पहले चरण दास महंत के पिता यहां सांसद थे फिर चरण दास महंत आए और अब उनकी पत्नी ज्योत्सना महंत यहां से सांसद हैं, चरण दास महंत ने ज्योत्सना महंत को नियुक्ति पत्र दिया है चुनाव तो वो लड़ते हैं ज्योत्सना महंत ने संसद में कभी कोई आवाज नहीं उठाई पिछले कई वर्षों में महंत परिवार के प्रतिनिधित्व में जमकर भ्रष्टाचार हुआ, महंत परिवार ने क्षेत्र में कोई काम नहीं किया, कोई भी बड़ा विकास कार्य नही किया। डीएमएफमें हुए भ्रष्टाचार में कलेक्टर अंदर हुई मंत्री ने तो आवाज उठाई पर चरण दास महंत या सांसद ने कभी कुछ नहीं कहा। विकास में कांग्रेस शून्य है जबकि भ्रष्टाचार में कांग्रेस एक नंबर पर है। वहीं कांग्रेस के चुनौती होने के सवाल का जवाब देते हुए सरोज पांडे ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस अस्तित्वहीन है कांग्रेस कहीं चुनौती नहीं कांग्रेस को चुनौती के रूप में स्वीकार करना उपहास का विषय। रायबरेली और अमेठी में प्रत्याशी घोषित न कर पाना इस बात को दर्शाता है कि कांग्रेस कहीं नहीं है अपने घर में ही चुनाव जीतने की स्थिति में नहीं है इसलिए प्रत्याशी घोषित नहीं कर पा रहे हैं।

### बीजेपी ने शुरू किया बूथ विजय अभियान

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कई प्रकार की कोशिश पर काम शुरू किया है। बूथ विजय अभियान भी इसी का एक हिस्सा है जिसकी शुरुआत देश भर में की गई है। लोकसभा क्षेत्र कोरबा के संयोजक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की उपस्थिति में यहां अभियान शुरू हुआ। बताया गया कि हर बूथ पर 100 झंडा लगाए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव को पूरी गंभीरता के साथ लड़ने के लिए भाजपा तैयारी कर रही है। हर पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता को इसके लिए जिम्मेदारी दी गई है। कोरबा में बूथ विजय अभियान के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने अपने घर के अलावा आसपास के घरों में भाजपा के झंडा लगाए। भाजपा नेता धरमलाल कौशिक ने बताया कि विजय अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ के दायरे में 100 घर में झंडा लगाने का लक्ष्य है। प्रधानमंत्री से लेकर मंडल के कार्यकर्ता को इस अभियान की जिम्मेदारी दी गई है। कौशिक ने बताया की अनुकूलता की स्थिति में कई प्रकार के बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कांग्रेस में कार्यकर्ताओं को नेतृत्व पर भरोसा नहीं रह गया है इसलिए वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। एक प्रकार से कांग्रेस में भगदड़ सी स्थिति बनी हुई है। धरमलाल कौशिक ने एक सवाल पूछे जाने पर कहा कि कांग्रेस में पारिवारिक विवाद चल रहा है और एकजुटता नही है कवासी लखमा जी किसके लिए बहू तलाश की बात कह रहे हैं यह समझ से परे हैं।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक,संपादक-संदीप तिवारी द्वारा अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग-मोवा रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़ प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स अनंत विहार कालोनी,दलदल सिवनी मार्ग -मोवा रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित।
(पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) फोन:-9301031000, 0771-6556444 bharatbhaskar222@gmail.com